वर्ष 23, अंक 262, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 16 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




## संचार और प्रौद्योगिकी के मामले में भारत दुनिया में सबसे गतिशील देश: पीएम मोदी


**नई दिल्ली : प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत दूरसंचार और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के मामले में दुनिया के सबसे गतिशील देशों में से एक है।

पीएम मोदी ने यहां आईटीयू डबल्यूटीएसए 2024 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत, जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40 प्रतिशत से अधिक रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रभावी साधन साबित हुई है, वहां वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा भी वैश्विक भलाई का माध्यम बनेगी।




पीएम मोदी ने कहा, डबल्यूटीएसए आम सहमति से पूरे विश्व को सशक्त बनाने की बात करता है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस कनेक्टिविटी के माध्यम से पूरे विश्व को सशक्त बनाने की बात करता है। यानी इस आयोजन में आम सहमति और कनेक्टिविटी को एक साथ जोड़ा गया है। आप जानते हैं कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व के लिए ये दोनों कितने महत्वपूर्ण हैं। भारत हजारों वर्षों से वसुधैव कुटुम्बकम के अमर संदेश को जी रहा है। जब हमें जी20 का नेतृत्व करने का अवसर मिला तो हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश दिया। भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालकर उसे जोड़ने में जुटा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 2014 में भारत में सिर्फ. दो मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट थीं और आज 200 से ज्यादा हैं। पहले हम ज्यादातर फोन विदेश से आयात करते थे, आज हम पहले के मुकाबले छह गुना ज्यादा मोबाइल फोन भारत में बना रहे हैं।






## वक्फ बिल की मीटिंग में फिर दिखा सियासी 'ड्रामा'! विपक्ष के नेताओं ने किया वॉक आउट

**नई दिल्ली : वक्फ** (संशोधन) विधेयक 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की बैठक से विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया. विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि इखढ के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है.

संसद की संयुक्त समिति वक्फ बिल को लेकर देशभर के लोगों से सुझाव मांग रही है. वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के लिए सोमवार को हुई बैठक का भी विपक्ष के नेताओं ने बहिष्कार किया था.

**विपक्ष ने लगाए ये आरोप**

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, संजय सिंह, कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित कई विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति की बैठक से वॉकआउट किया. उनका आरोप था कि भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है. इसके बाद विपक्ष के नेता संसदीय समिति की बैठक से हंगामा करते हुए बाहर निकल गए.

**एक घंटे बाद वापस आए विपक्षी सदस्य**

करीब एक घंटे तक अनुपस्थित रहने के बाद विपक्षी सदस्य बैठक में वापस आए. हालांकि, भाजपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को अपशब्द कह रहे थे. यह लगातार दूसरा दिन है जब विपक्षी सदस्य मतभेदों के बाद बैठक से बाहर चले गए.

इस बैठक में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के महमूद मदनी भी समिति के समक्ष उपस्थित हुए. इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका संगठन वक्फ विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों का विरोध करता है.

**14 अक्टूबर को भी किया था बैठक का बहिष्कार**

इससे पहले सोमवार (14 अक्टूबर) को हुई।

## महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीख का हुआ ऐलान

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है. मंगलवार (15 अक्टूबर) को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. राज्य की सभी 288 सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे.

**महाराष्ट्र में कुल 9.63 करोड़ वोटर्स**

राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 9 करोड़ 63 लाख वोटर्स हैं. इसमें 4.97 करोड़ पुरुष, 4.66 करोड़ महिला और 1.85 करोड़ युवा वोटर्स हैं. पहली बार 20.93 लाख वोटर्स मतदान करेंगे. 85 साल की उम्र से अधिक के मतदाता घर से वोट डाल पाएंगे.

**100186 पोलिंग स्टेशन**

100186 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं. हर जिले में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा. मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव में सभी वोटर्स की भागीदारी जरूरी है, इसलिए वोट करेंगे. उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील की कि नियमों का पालन करें. महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है. एससी के लिए 29 सीटें आरक्षित हैं. वहीं, एसटी के लिए 25 सीटें रिजर्व हैं.




**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख-29 अक्टूबर**

22 अक्टूबर को चुनाव का नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा. 29 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख होगी. 4 नवंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले पाएंगे.

साल 2019 के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर एक ही फेज में वोटिंग हुई थीं. इस दौरान बीजेपी और शिवसेना को स्पष्ट बहुमत मिला था लेकिन कलह के चलते शिवसेना ने ठऊअ गठबंधन से नाता तोड़ दिया था. शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी. जिसमें उद्धव ठाकरे सीएम बने थे.

बाद में शिवसेना दो गुटों में बंट गई. साल 2022 में एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों के साथ बीजेपी से मिलकर सरकार का गठन किया. एकनाथ शिंदे राज्य के नए सीएम बने. इसके बाद एनसीपी भी दो गुटों में बंट गई. साल 2023 में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी भी बीजेपी और शिंदे की महायुति सरकार में शामिल हो गई.

**महाराष्ट्र में प्रमुख पार्टियां कौन-कौन?**

महाराष्ट्र में अभी महायुति की सरकार है. इसमें बीजेपी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार गुट की एनसीपी शामिल है।

## हर धर्म के लोगों की सुरक्षा करना सरकार का दायित्वः मायावती



**लखनऊ : बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बहराइच जिले में सांप्रदायिक हिंसा पर चिंता जताते हुये सरकार को निष्पक्ष रहकर हर धर्म के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह दी है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया ह्न यूपी के बहराइच जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का खराब होकर काबू से बाहर हो जाना चिन्ताजनक। ऐसे हालात के लिए शासन-प्रशासन की नीयत व नीति पक्षपाती नहीं बल्कि पूरी तरह से कानूनवादी होना चाहिए ताकि सम्बंधित मामला गंभीर न होकर यहां शान्ति व्यवस्था की स्थिति बनी रहे।

उन्होने कहा त्योहार कोई भी व किसी मजहब का हो, शान्ति व्यवस्था सरकार की पहली जिम्मेदारी है। ऐसे अवसर पर विशेष प्रबंध जरूरी। यदि ऐसी जिम्मेदारी निभाई गयी होती तो बहराइच की घटना कभी भी घटित नहीं होती।

**बेटियां बनीं एक दिन की डीएम-एसपी** **बेटियों ने शिकायतों को सुन त्वरित निस्तारण भी किया**

## सीएम योगी के मिशन शक्ति का दिखा असर

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बेटियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन का डीएम, सीडीओ, एसडीएम और एसपी बनाया गया। इस दौरान बेटियों ने शिकायतों को सुन त्वरित निस्तारण भी किया। सीएम योगी का आभार जताते हुए बेटियों ने कहा कि इस पहल से आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कड़ी मेहनत कर भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही।



लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने डीएम की कुर्सी संभाली। एक दिन की डीएम अग्रिमा ने जनसुनवाई के दौरान सब्जियों के दाम कंट्रोल करने के निर्देश दिये।

इसके अलावा जिले की सभी सातों तहसील क्रमशः लखीमपुर में भाव्या सिंह, गोला में स्मृति सिंह, पलिया में निधि गुप्ता, धौरहरा में अनन्या रस्तोगी, निघासन में अनुष्का पटेल, मोहम्मदी में नन्दिनी गुप्ता, मितौली में खुशबू राठौर ने सांकेतिक रूप से एसडीएम की भूमिका अदा की।

## झारखंड में एनडीए और इंडिया के बीच चुनावी संग्राम का आगाज

**रांची**

**इसके** साथ ही राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सत्ता के लिए चुनावी संग्राम का औपचारिक तौर पर आगाज हो जाएगा। हालांकि इसके लिए दोनों पक्ष की ओर से पहले ही जोरदार मोचेबंदी शुरू हो चुकी है।

झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली मौजूदा गठबंधन सरकार पहली गैर भाजपा सरकार है, जिसने पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा किया है। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने की वजह से हेमंत सोरेन पांच महीने सीएम की कुर्सी से दूर जरूर रहे, लेकिन उनके नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सत्ता बरकरार रही।

राज्य में वर्ष 2019 में जब चुनाव हुए थे, तब यहां की सत्ता पर रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व वाला भाजपा-आजसू गठबंधन काबिज था। यह राज्य की पहली सरकार थी, जो पूरे पांच साल तक चली थी। आत्मविश्वास से लबरेज भाजपा को सत्ता में दूसरी बार वापसी का भरोसा था। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में पार्टी ने अबकी बार 65 पार का नारा दिया था।

**महाराष्ट्र के 132 रेलवे स्टेशनों का होगा विकास, अमृत स्टेशन के रूप में किया जाएगा विस्तार**

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का शुभारंभ

**महाराष्ट्र**

**केंद्रीय** रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के देवलाली रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया तथा केंद्रीय रेल मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेल भवन से जुड़े थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेलगाड़ी का शुभारंभ करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महाराष्ट्र के किसानों की उपज को तेजी से देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना है। यह ट्रेन नासिक, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, और दीनदयाल उपाध्याय सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज को सही समय पर और सही दाम पर बेचने का अवसर मिलेगा। किसान मात्र ?4 प्रति किलो की दर से अपनी उपज को देवलाली और नासिक जैसे इलाकों से बिहार तक भेज सकेंगे। इस ट्रेन में छोटे और बड़े किसानों के लिए पार्सल वैन के साथ-साथ साधारण श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं, जिससे किसान और श्रमिक दोनों को सफर की सुविधा मिलेगी। देवलाली से दानापुर तक की 1,515 किमी लंबी दूरी पर भाड़ा प्रति किलोमीटर, प्रति किलोग्राम मात्र 28 पैसे से भी कम होगा, जिससे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों का कम लागत पर परिवहन संभव होगा। यह गाड़ी न केवल किसानों को नए बाजार उपलब्ध कराएगी बल्कि श्रमिकों को भी सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का साधन प्रदान करेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।




## बहराइच में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मिले सीएम योगी, कहा- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**उत्तर प्रदेश**

**योगी** ने आगे लिखा कि आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान योगी ने साफ तौर पर स्पष्ट किया कि दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। इस दौरान रामगोपाल के पिता, मां और पत्नी उपस्थित थे।



योगी ने एक्स पर लिखा कि जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल-कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

# मार-पीट मामले में युवक की स्थिति हुई नाजुक

## कौंधियारा इंस्पेक्टर किए गये निलंबित, पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार के समीप मकान की छत डालने के विरोध में एक पक्ष के दर्जनों लोगों ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों को पीटकर अधमरा कर दिया था। जिसमें अनिल केसरवानी की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। अनिल केसरवानी के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं और उसे आनन फानन में परिजन एसआरएन ले गए। स्वास्थ्य में सुधार न होने के चलते एसआरएन से जागृति हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों द्वारा जवाब दिए जाने पर परिजन शहर के ही पार्वती हॉस्पिटल लेकर भागे। वहां से भी जब जवाब मिला तो मजबूरन एसआरएन वापिस ले जाना पड़ा।मंगलवार की सुबह शहर के ही एक्यूरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि दिमाग में चोट होने की वजह से मस्तिष्क पूरी



अनियंत्रित भीड़ को समझाते डीसीपी विवेक चंद यादव

तरह काम करना बंद कर दिया है। इसके पूर्व पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने लापरवाही पर कौंधियारा इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया । वहीं चौकी प्रभारी जारी पर भी पुलिस कमिश्नर की गाज गिरने की प्रबल संभावना है। कमिश्नर की कार्रवाई से महकमे में खलबली मची है। मामले में विभागीय जांच के आदेश भी दिये गये हैं। कौंधियारा थाने के अतिरिक्त प्रभारी राजेश सिंह को कौंधियारा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। सोमवार की देर शाम अनिल की मौत की अपवाह की खबर सुनते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा था। देखते ही देखते चंद मिनटों में व्यापारियों ने अपनी दुकानों का शटर गिराकर हजारों की संख्या में जारी चौकी को अपने कब्जे में लेकर नारेबाजी शुरू



परिजनो को सांत्वना देते विधायक बारा वाचस्पति

कर दी। भीड़ देख इंस्पेक्टर कौंधियारा गणेश तिवारी और जारी चौकी प्रभारी विपिन वर्मा वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद वहां की स्थिति को एसीपी कौंधियारा विवेक यादव ने संभाला। और अपवाहों का खंडन करते हुए ग्रामीणो को समझाना शुरू किया। रात्रि के लगभग ग्यारह बजे डीसीपी विवेक चंद्र यादव भी मौके पर पहुँच गए। उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर लगाकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने का आस्वासन दिया। तब जाकर भीड़ वहां से हट गई। मंगलवार की सुबह इसी मामले को लेकर कौंधियारा इंस्पेक्टर गणेश तिवारी को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उनपर पहले से ही अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लग रहा था। साथ ही वह उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने में विफल रहे थे। दोपहर बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने भी पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर उचित कार्यवाही कराने का आस्वासन दिलाया। वहीं पांच के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर भेजा गया जेल। मंगलवार को हत्या करने के प्रयास में हरिमोहन साहू पुत्र कल्लू, फूलकुमार पुत्र हरिमोहन, किसन साहू पुत्र हरिमोहन साहू, वंश साहू पुत्र फूलकुमार व राजकुमार की पत्नी सहित पांच लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## अपना दल एस के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन



**उतरांव।** सैदाबाद ब्लाक अंतर्गत बलीपुर बाजार में 15 अक्टूबर मंगलवार को अपना दल एस के तत्वाधान में पूरे दुनिया में मिसाइलमैन के नाम से प्रख्यात मशहूर वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम की जयंती बहुत ही धूमधाम से बलीपुर बाजार में मनाई गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपना दल एस पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य जवाहर लाल पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल रहे। सर्व प्रथम डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम के चित्र पर माला पहनाकर सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भदोही से चलकर आये कलाकर रमेश भंवरा ने गाने का बेहतरीन प्रस्तुति कर कार्यक्रम में शमा बांध दिया। मुख्य अतिथि ने कहा डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 कों तमिलनाडु के रमेश्वर में महान वैज्ञानिक का जन्म हुआ था। डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में होशियार थे। पूरा जीवन अभावो और संघर्षो से भरा रहा उनका पूरा जीवन शिक्षा और देश के प्रति रहा। वही विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख राजेंद्र पटेल ने कहा देश के 11 वे राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम से जाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम की आज जन्म जयंती है।सादगी,सौम्यता, समर्पण,और ईमानदारी के मिसाल रहे। महान वैज्ञानिक कों आज पूरा देश याद करके नमन कर रहा है। इस मौके पर अपना दल एस गंगापार जिलाध्यक्ष भानुप्रताप पटेल,श्यामराज पटेल, दुर्गाप्रसाद पटेल, असलम सिद्दीकी, अशोक पटेल, बी डी गौड़,शमशाद आलम, डॉ. धर्मराज पटेल, लालजी, फलराज भारतीया प्रधान, महेश भारतीया, धर्मराज पटेल, कृष्णकांत उर्फ बाबा पटेल, कन्हैयालाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक केसरवानी, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बीरेंद्र पटेल ने किया।

## फरार आरोपी के घर पुलिस टीम ने धारा 82 की नाटिस किया चस्पा



**थरवई।** मंगलवार को माननीय न्यायालय सीजेएम प्रयागराज के अदालत में 25 सितंबर को उपस्थित न होने पर आरोपी मनीष पटेल पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम टिकुरी थाना एयरपोर्ट प्रयागराज के घर पर थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम व टीम ने थाना थरवई में मु०अ०सं० 108/ 24 धारा 364 / 302/ 201/ 120 बी में फरार आरोपी के घर सीआरपीसी की धारा 82 की नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई। जिसमें मौके पर उपस्थित रहे प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम, महिला एस आई प्राची यादव, हरिओम व दीपक एवं थाना एयरपोर्ट से एस आई अमित प्रताप आदि मौजूद रहे। पुलिस टीम द्वार गांव में प्रमुख प्रमुख जगहों पर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अभियुक्त के घर पर मुनादी करते हुए नोटिस चस्पा की गई।

## तीन दिन बाद भी नहीं दर्ज किया गया शराब की दुकान में हुई चोरी का मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम कहली निवासी विष्णु कुमार यादव गांव में देशी शराब की दुकान चलाते हैं। बताया गया है कि 12 अक्टूबर की रात चोरों ने दुकान का रोशनदान तोड कर नौ पेटी देशी शराब,स्कैनर मशीन,सीसी कैमरे,चार हजार रूपया नगदी सहित लगभग 85 हजार रूपया का चोर चोरी कर ले गए ?। भुक्तभोगी विष्णु कुमार यादव ने 13 अक्टूबर को मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। विष्णु कुमार यादव का आरोप है कि उसका मुकदमा आज तक नहीं लिखा गया। ठेकेदार विष्णु कुमार यादव का आरोप है कि इंस्पेक्टर कह रहे हैं कि तहरीर बदल कर लाओ तो मुकदमा दर्ज कर लेंगें ।विष्णु कुमार यादव का आरोप है कि इसके पूर्व भी उनकी दुकान में चोरी हो चुकी है। आरोप है कि तीन दिन गुजर गए परन्तु आज तक अज्ञात चोरों के खिलाफ न ही मुकदमा दर्ज किया गया न ही चोरों का पता लगाया गया। आरोप है कि अलबत्ता पुलिस तहरीर बदलवाने में लगी है।

# मेजा खास में संचालित नारद मोह की रामलीला देख भाव विभोर हुए दर्शक

**मेजा।** सोमवार को मेजा खास में रामलीला का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके उपरांत नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। देव ऋषि नारद की तपस्या से स्वर्ग लोक में इंद्र का सिंहासन कांपने लगा। इससे भयभीत होकर इंद्र ने कामदेव को अप्सराओं के साथ नारद मुनि की तपस्या को भंग करने के लिए भेजा, लेकिन अनेक प्रयासों के बावजूद नारद जी की तपस्या भंग नहीं हुई। कामदेव पर विजय प्राप्त कर लेने से नारद के मन में अभिमान जाग जाता है और भगवान विष्णु अपने परम भक्त के अहंकार को दूर करने के लिए लीला रचते हैं। विश्व मोहिनी की सुंदरता पर मोहित होकर नारद अपने आराध्य भगवान विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं लेकिन विष्णु उन्हें बंदर का स्वरूप दे देते हैं।



इससे नारद मुनि को स्वयंवर सभा में मजाक का पात्र बनना पड़ता है और भगवान विष्णु उस कन्या का वरण कर लेते हैं। इससे क्रोधित होकर नारद भावा वेश में आकर विष्णु को नारी वियोग का शाप देते हैं। बाद में नारद को अपने कथन पर पछतावा होता है। रामलीला मंचन के इस मौके पर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, डायरेक्टर तौलन प्रसाद, लालजी मिश्र, धीरज मिश्र,संदीप सिंह, राहुल द्विवेदी, सुनील शर्मा, शुद्धू, कैलाश शर्मा,अमित,नरेंद्र और उदयराज पांडेय आदि ने अपना अपना किरदार प्रमुख रूप से निभाया।

# खेलकूद से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास : कैलाश सिंह

### - मेजा के अमोरा स्थित संविलियन विद्यालय में आयोजित हुई संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**मेजा।** विकास खंड मेजा के अमोरा गांव में स्थित संविलियन विद्यालय में मंगलवार को संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी मेजा कैलाश सिंह रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईओ मेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद झंडी दिखा कर किया। तत्पश्चात कबड्डी के बच्चों से रूबरू होते हुए। खेलकूद प्रतियोगिता में आये हुए सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस लिए समय समय खेलकूद का आयोजन किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलकूद के लिए बच्चों को प्रेरित करना माता पिता के साथ हम शिक्षकों का भी दायित्व है।



उल्लेखनीय है कि संकुल स्तर पर छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन में जूनियर रिजल्ट- बालक 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान नीरज पटेल कंपोजिट अमोरा व द्वितीय पर ओम प्रकाश बरसैता ने बाजी मारी। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान ओम प्रकाश बरसैता तथा द्वितीय पर लूतर स्कूल से छात्र अरशद रहे। 400 मीटर दौड़ में नीरज अमोरा ने जहां बाजी मारी वहीं बरसैंता विद्यालय के रिहान द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि कबड्डी में प्रथम स्थान पर बरसैता की टीम तथा दूसरे पर अमोरा टीम के बच्चे रहे। प्राथमिक वर्ग में बालक 100 मीटर दौड़ में अर्पित गौरा पौसिया, हुसैन तेंदुआ द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार खो खो में गौरा पोसिया की बालिकाओं की टीम ने जीत दर्ज किया। इसी क्रम में न्याय पंचायत पथरा तथा नेवढ़िया में भी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेल अनुदेशक अनिकेत जायसवाल ने बताया कि न्याय पंचायत से जीते हुए बच्चे ब्लॉक स्तर के खेल में प्रतिभाग करेंगे। खेल आयोजन के इस मौके पर विवेकानंद पांडे व्यायाम शिक्षक, प्रवीण दुबे, आशुतोष सिंह, रवि सिंह, सुभाष पांडे सुनील मौर्य, संदीप तिवारी संगीता शुक्ल, दीपक शुक्ल, अनिकेत जायसवाल, संदीप शर्मा, अनिल दुबे अनुराग पांडेय,बीके मिश्र, रंजना पांडे तथा रेखा आदि के अलावा कई शिक्षक शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रही।

# रामकथा भक्ति ज्ञान और गंगा की है धारा - पंडित कृष्ण कुमार पांडेय

### मानस प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में मेजारोड पाती स्थित सिद्ध हनुमान मानस मंदिर में 57वा वार्षिक नौ दिवसीय सत्संग आयोजित

**मेजा।** बंदउँ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि,महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर। मैं उन गुरु महाराज के चरण कमल की वंदना करता हूं, जो कृपा के समुद्र और नर रूप में श्रीहरि ही हैं और जिनके वचन महामोह रूपी घने अन्धकार का नाश करने के लिए सूर्य किरणों के समूह हैं रामकथा भक्ति, ज्ञान,और गंगा की धारा है।उक्त बातें मानस प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर पांती-मेजारोड में आयोजित 57वें वार्षिक नौ दिवसीय विराट मानस सत्संग समारोह के प्रथम दिवस विंध्याचल से पधारे कथावाचक पंडित कृष्ण कुमार पाण्डेय ने सीताराम की महिमा का बखान करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि माता सीता दो बार वनवास किया। पहले राम के पीछे सीता चलती थी तब राम-सीता था लेकिन जब सीता ने धर्मपालन करते हुए पहले वन गमन किया तो सीता राम हो गया। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि



सही से प्रणाम करना जो भी जान गया समझो उसकी विजय हो गई, लेकिन जिसने प्रणाम करना नहीं सीखा उसकी विजय नहीं हो सकती। इसी क्रम में डा रामसूरत रामायणी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान के 14 प्रकार के भक्त होते हैं। उन्होंने कहा गोस्वामी तुलसीदास के कथनानुसार किसी भी कार्य के लिए गुरूओं या संतों से राय लेनी चाहिए। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने भरद्वाज मुनि से वन जाने के लिए आगे का मार्ग पूछा तो मुनि ने हंसकर कहा कि आपके लिए सभी मार्ग सुगम हैं। वाल्मीकि के अनुसार कबंध ने ही श्रीराम को पंपा सरोवर जाने का सुझाव दिया था। कबंध के संवाद से हमें यह मालूम चलता है कि देव सरोवर के निकट ही मतंग ऋषि का आश्रम था जहां शबरी राम की प्रतीक्षा कर रही थीं। इसी तरह 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' उक्त पंक्तियां तुलसीदास रचित रामचरितमानस के उत्तरकांड से ली गई हैं. इन पंक्तियों का अर्थ है कि जीव, अ ईश्वर का अंश है और इसलिए वह अविनाशी, चेतन, निर्मल, और स्वभाव से ही सुख की राशि है। रामकथा कथा भक्ति, ज्ञान, गंगा की धारा है। कथा सुनने जाते समय मन और कर्म से कथा सुननी चाहिए जिससे जीव का कल्याण हो सके। एक बार भगवान शंकर माता पार्वती के साथ कथा सुनने जा रहे थे, तो उन्होंने रामचरित मानस की महत्ता को समझाया था कि मानव जीवन के लिए यह कथा सुगम है। रामकथा भक्ति, ज्ञान, गंगा की धारा हैं। जिसके सुनने से जीव का कल्याण होता है। प्रथम दिवस कथा श्रवण के लिए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ में नर नारी और युवा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पंद्रह साल से उखड़ी सड़क की नहीं हो सकी मरम्मतीकरण

**कोरांव।** कोरांव विधान सभा में स्थित ग्राम सभा अल्हवा ब्लॉक कोरांव ने तत्कालीन विधायक मेजा रहे रामकृपाल कोल के प्रयास से पूर्वांचल विकास निधि से महुली मार्ग से अल्हवा कोल बस्ती तक दूरी आठ सो मीटर बिलकुल नष्ट हो चुकी है। इसी तरह उसी वर्ष तत्कालीन एमएलसी केके गौतम के प्रयास से केडी रोड से अल्हवा मुशहरान बस्ती के सामने तक निर्मित सड़क लंबाई करीब एक किलो मीटर काली सड़क बिल्कुल उखड़ चुकी है। आवागमन में कठिनाइयां हो रही है। इसकी मरम्मती करण के लिए कई बार ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सोशल वर्कर ने पूर्व सांसद प्रयागराज,से ले कर एमएलसी इलाहाबाद कौशांबी, विधायक कोरांव विधान सभा और सासन तक मांग पत्र दिया किंतु कोई परिणाम सामने नहीं आया। ग्राम प्रधान अल्हवा और ग्राम वासियों ने सांसद प्रयाग राज,विधायक कोरांव और लोक निर्माण विभाग से दिनों मार्गों के मरम्मती करण और विस्तारी करण कराए जाने की मांग की है।इसी तरह ग्राम प्रधान अल्हवा ने ग्राम अल्वा में पांच सौ मीटर तक की तीन चार सड़कें पीएमजेएसवाई योजना से निर्माण कराए जाने की भी मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### जय श्री राम से गूंजा जंघई बाजार, निकली भव्य शोभायात्रा



**जंघई।** श्रीराम जानकी मंदिर जंघई कुटी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी का पूजन अर्चन आरती करके भरत मिलाप के अवसर पर श्री राम रथ शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि बाजार के विभिन्न हिस्सों से होते हुई पुनः मंदिर में पहुंची और यात्रा संपन्न हुई। श्री राम जानकी मंदिर जंघई रामलीला के 93 वर्ष की रामलीला समापन के अवसर पर मंदिर के महंथ चंद्रमा दास जी महराज के नेतृत्व में राम रथ शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शिव कुमार जायसवाल, लोलारख यादव, अजय पांडेय, संदीप पांडेय, सुजीत पाठक, किशन पाठक, शैलेष पाठक, किशन मिश्रा, विक्की जायसवाल, आयुष जायसवाल, अंबुज उमर वैश्य, गुलाब गुप्ता, सचिन दुबे, मोनू पांडेय, सुरज मिश्र, सुभाष गुप्ता, कन्हैया लाल, बच्चन मिश्र प्रधान, धीरज मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### जनता माध्यमिक विद्यालय चनेथू के संस्थापक कमला शंकर शुक्ल का निधन



**जंघई।** चनेथू शुक्लान निवासी एवं जनता माध्यमिक विद्यालय चनेथू के संस्थापक पंडित कमला शंकर शुक्ल पंडी जी का बिमारी से निधन हो गया है। पंडी जी के निधन से उनके परिजनों, ग्रामीणों, रिश्तेदारों तथा हजारों शिष्यों में शोक की लहर है सभी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है। पंडी जी का क्षेत्र में बहुत मान सम्मान था एवं बहुत मिलनसार व्यक्तित्व के सीधे सादे सरल विचार के थे दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का नाम उनको कंठस्थ था ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा समर्पण भाव था। उनके निधन पर परिजनों में दयाशंकर शुक्ल, डॉ प्रकाश चंद्र शुक्ल, आलोक शुक्ल, डॉ आशुतोष शुक्ल, मुकेश शुक्ल, शिवम शुक्ला, देवेश शुक्ला, आयुष शुक्ला, क्षितिज शुक्ला, पार्थ शुक्ला, सार्थक शुक्ला व नमिष शुक्ला सहित समस्त शुक्ल परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### सरायममरेज पुलिस ने बालिकाओं को किया जागरूक



**जंघई।** प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति फेस-5 के अनुपालन में 90 दिवस के कार्यक्रम के क्रम में 14 अक्टूबर को एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति की महिला पुलिस अधिकारियों में उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी, उप निरीक्षक आराधना सिंह के द्वारा भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र के विद्यालय सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज की बालिकाओं को उच्चाधिकारियों एवं एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह द्वारा दिए गए आदेश निर्देश के बारे में बताया गया तथा महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्जवला योजना, कौशल विकास योजना, सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधित आयुष्मान योजना एवं साइबर क्राइम, आईटी एक्ट के अपराध आदि के साथ साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्ब- वूमेन पॉवर लाइन 1090, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 साइबर हेल्पलाइन नंबर- 1930 आदि के बारे में के विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित किया गया।

### कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूती से करें कार्य- श्याम लाल पाल



**सहसों।** विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के लिए एक-एक मतदाता पर एक-एक कार्यकर्ता प्रत्याशी की जीत एवं पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। उक्त विचार फूलपुर उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने राम जानकी मंदिर सहसों के बगल कार्यकताओं की एक आयोजित बैठक में व्यक्त किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूती से लगकर कार्य करें तथा एक-एक मत को अपने पक्ष में दिलाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा पार्टी के मजबूत एवं जिम्मेदार कार्यकताओं की बदौलत हम फूलपुर उपचुनाव अवश्य जीतेंगे तथा एक बार फिर पार्टी का परचम लहराएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव हरिश्चंद्र यादव, जिला अध्यक्ष अनिल यादव, जगदीश यादव, साधू यादव, राम अवध पाल, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद शकील इस्माइल, रमेश पाल, सुरेश पाल, सर्वजीत पाल सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नैनी दशहरा मेला सम्पन्न कराने में मुस्तैद रही एसपीओ टीम के जवान

**नैनी।** नैनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से भव्य दशहरा मेला का आयोजन किया गया। मिरजापुर मुख्य मार्ग पर लगने वाले इस ऐतिहासिक मेला स्थल पर बड़ी संख्या में नैनी कोतवाली पुलिस फोर्स, की तैनाती की गई थी। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिससे मेला शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर पूरी रात मेला में पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम सेवा सहयोग में तैनात रही। जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह एनाउंसर इकरामुलला के नेतृत्व में कैम्प लगाकर माइक से लोगों को अराजक तत्वों से सावधान कर जागरूक किया गया। एसपीओ टीम ने गुम हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाया। एसपीओ टीम के सेवा सहयोग को देखकर नैनी कोतवाली प्रभारी एवं पुलिस प्रशासन ने सराहना करते हुए टीम को धन्यवाद कहा। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल संदीप विश्वकर्मा सुशील शर्मा विवेक पाल तौसीफ खान सोनू भारतीया दिनेश सोनकर आरिफ उपेन्द्र कुमार दिनेश केसरवानी रमेश केसरवानी पारस कुमार अश्विनी शर्मा रोहित रवि आकाश शनि फिरोज नौशाद सौरभ वसीम रहमान सुरेन्द्र सरोज सुभम अंकित अरविंद आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# कुंभ मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री बनाने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक सपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में प्रयागराज जनपद एवं कुंभ मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री बनाने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को निषिद्ध करने हेतु बैठक सम्पन हुई। बैठक में सर्वप्रथम नगर निगम के अधिकारियों द्वारा प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने हेतु चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी दी गई तथा अवगत कराया गया कि ₹हर दुकान दस्तक अभियान₹ के अंतर्गत लगभग 2000 दुकानों का चिन्हांकन करते हुए 204 किलो से अधिक प्लास्टिक अब तक सीज की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त ₹स्वच्छता ही सेवा है₹ के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को अपने आसपास सफाई रखने तथा प्लास्टिक का यूज न करने हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई।मंडलायुक्त ने सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए कुछ आवश्यक निर्देश दिए जिसके अंतर्गत प्लास्टिक की सप्लाई-चेन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए प्लास्टिक कहां से आ रही है एवं उसका सोर्स क्या है उस पर अंकुश लगाने को कहा । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें केवल परमिसिबल एवं बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक यूज करने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा। साथ ही यदि समझाने के पश्चात भी निषिद्ध प्लास्टिक का प्रयोग किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान करने के निर्देश दिए।

इस क्रम में उन्होंने नगर आयुक्त को टीम बनाकर जागरूकता अभियान चलाने, जागरुकता फैलाने हेतु मीडिया का सहारा लेने, शॉर्ट फिल्म्स बनवाकर (जिनके माध्यम से प्लास्टिक के प्रयोग से क्या नुकसान हैं और कैसे प्रयोग की गई प्लास्टिक या तो खेतों में जाती है या फिर पानी में) उसे वी एम डी स्क्रीन्स पर चलाने, नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर रखी कॉइन मशीन्स, जिससे ?10 डालकर एक बैग लिया जा सकता है, उस पर यूपीआई पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने, माइक्रो लेवल पर ब्रैंड एंबेसिडर तैयार करते हुए उनकी मदद जागरूकता अभियान में लेने, मोहल्ले स्तर पर प्लास्टिक प्लेज अभियान चलाने तथा स्कूलों में इस सम्बन्ध में कॉम्पटीशन्स कराने के भी निर्देश दिए।महाकुंभ के दृष्टिगत सभी संस्थाओं एवं साधु संन्यासियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनको भंडारों में प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा विकल्प के रूप में मिट्टी के बर्तन एवं जूट बैग्स प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही जनपद एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न वेडिंग जोन्स में मिट्टी के बर्तन, पत्तल एवं जूट बैग्स विकल्प के रूप में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी प्रयागराज को एक कार्ययोजना तैयार करते हुए उसन समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करने को भी कहा है।बैठक में जनपद को गड्ढा मुक्त रखने के दृष्टिगत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जो मुख्य मार्ग किसी भी परियोजना के अंतर्गत कवर नहीं हुए हैं उनका चिह्नांकन कर यदि उनमें गड्ढे हैं या पैचिंग वर्क की आवश्यकता है तो उसे भी कराने के निर्देश दिए। जनपद से अनाधिकृत होर्डिंग हटाने के दृष्टिगत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मार्गों का असेसमेंट करते हुए जहां भी अनाधिकृत होर्डिंग पाई जाती हैं उन्हें तुरंत हटाने तथा अधिकृत होर्डिंग पर क्यूआर कोड लगाने की व्यवस्था करने को कहा जिससे सिंगल स्कैन से वह होर्डिंग अधिकृत है या नहीं यह सुनिश्चित किया जा सके।

## आचार संहिता लगते ही उतारे गए नेताओ के होल्डिंग, पोस्टर

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को उप चुनाव के तारीख की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लगे पार्टियों और उम्मीदवारों के बैनर-पोस्टर को होर्डिंग्स से हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बातदे कि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल के सांसद बनने के बाद फूलपुर की सीट खाली हो गई। यहा भी उप चुनाव होना है। मंलवार को चुनाव का एलान हुआ तो पुलिस भी सक्रिय हो गई झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह झूंसी में लगे राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर, बैनर हटवाते नजर आए। झूंसी एसओ ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर सड़कों के किनारे, चौराहे, दीवालों पर लगे नेताओ के होर्डिंग व पोस्टर हटाये गए।

## न्यूज झरोखा

### समाधान दिवस पर नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई




**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुएं फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय तथा दीपेन्द्र यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी के द्विवेदी, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा० विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, लेखाअधिकारी अक्षय कुमार, समस्त अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### बनी न्याय पंचायत की अक्टूबर माह की शिक्षक संकुल बैठक संविलित विद्यालय तेंदुई में सम्पन्न



**प्रयागराज।** मंगलवार को महानिदेशक बेसिक शिक्षा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश और खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर के निदेर्शानुसार बनी न्याय पंचायत की शिक्षक संकुल बैठक संविलित विद्यालय तेंदुई में आयोजित की गई जिसमें शिक्षक संकुल और शिक्षक ने प्रतिभाग किया इस बार प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय की बैठक निर्धारित एजेंडे के अनुसार 2,.30 से 4,.00बजे अपराह्न तक अलग अलग आयोजित हुई जिसमें निपुण विद्यालय बनाने के बारे में चर्चा की गई इसके साथ ही जो न्याय पंचायत के शिक्षक द्वारा अपने बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रदर्शन भी किया गया इसके साथ ही नेट परीक्षा 2024 पर भी चर्चा की गई जो कि 18और 19 नवम्बर को आयोजित की जाएगी साथ की विज्ञान कीट की बारे में मुकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिक्षकों को बताया गया अंत में निपुण शपथ सभी शिक्षक और शिक्षिका को दिलाई गई इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव , संतोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार यादव ,रविन्द्र कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव, रितेश ओझा,छोटे लाल पाल ,मोहम्मद सैफुद्दीन,अमिताभ सिंह,विभूति नारायण दुबे,सोमेंद्र श्रीवास्तव,श्रीमती कंचन प्रभा सिंह, मीरा सिंह, ममता सिंह,श्रीमती प्रीति शुक्ला, अपर्णा सिंह,बबीता सिंह,रीना सिंह, ज्योति सिंह,प्रीति सिंह, इब्ने फातिमा,इंद्रावती यादव ,राधिका सोनकर आदि शिक्षक और शिक्षिका उपस्थिति रही।

### मुकुट पूजन के साथ जन सेवा समिति रामलीला का शुभारंभ



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला का शुभारंभ सोमवार को श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य महाराज के द्वारा भगवान श्री राम, माता जानकी, लखन लाल एवं वीर बजरंगी के मुकुट का पूजन अर्चन कर किया गया। मुकुट पूजन के उपरांत श्री हनुमंत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का अत्यंत भाव पूर्ण मंचन हुआ। देवर्षि नारद के काम विजय के अहंकार का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु एक माया जनित नगर, एक राजकुमारी, का स्वयंवर की रचना करते हैं। नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो जाते हैं और अपनी सारी मयार्दा त्याग उससे विवाह करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु उन्हें वानर रूप दे देते हैं और स्वयं स्वयंवर में जाकर राजकुमारी से विवाह कर लेते हैं। नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को नारी विरह का श्राप दे देते हैं। भगवान के द्वारा अपनी माया समेट लेने पर जब नारद जी को वास्तविकता का भान होता है तो वह भगवान विष्णु से क्षमा याचना करते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से पार्षद पवन यादव, हरिशंकर सिंह एडवोकेट, आर एल डी दुबे, रवि सिंह, विनय सिंह, पूर्व प्रधान बच्चा लाल यादव एवं कृष्ण गोविंद, संतोष सिंह, हरि बाबू सिंह, अनिल चौधरी, सनी केसरवानी, सत्येन्द्र सोनकर, रमेश शर्मा, दिनेश सिंह, दयाशंकर तिवारी, अनुग्रह जायसवाल, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने महाकुम्भ के दृष्टिगत विभिन्न निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर लिया कार्य प्रगति का जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**एयरपोर्ट से संगम मार्ग व सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

**निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी समस्या व रूकावट का शीघ्रता के साथ किया जाये निस्तारण**





**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को महाकुम्भ के दृष्टिगत जनपद में हो रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट से संगम को जोड़ने वाले मार्ग पर निमार्णाधीन सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के स्टार्ट पॉइंट और एंड पॉइंट का निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वहां पर कार्यरत मैनपावर, मशीनरी, मटेरियल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए पर्ट चार्ट के अनुसार कार्य की भौतिक प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यों को सयमबद्ध रूप से निर्धारित समय तक पूर्ण करा लिए जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने इसके बाद आईआईआईटी चौराहें से कालिंदीपुरम के बजरंग चौराहे तक की सड़क पर हो रहे सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य को 30 नवम्बर तक पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सड़क के किनारे थ्री लेयर में एवरग्रीन व फ्लावरिंग प्लांट लगाने और रोड के किनारे दीवार पर पेंट माय सिटी के तहत थीमेटिक पेंटिंग करने एवं बजरंग चौराहे के पास फशाड लाइट लगाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात एयरपोर्ट से पीपलगांव रोड़ के सुन्दरीकरण व निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वहां पर सुंदरीकरण हेतु लगाए जा रहे स्तंभ, लाइट पोल व रेलिंग की डिजाइन को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के पास सड़क के किनारे लगे हुए बिजली के दो खंभों को 100 मीटर दूर शिफ्ट करने के लिए कहा है।उन्होंने पीडब्लूडी एवं पीडीए द्वारा कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कराये जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने थर्ड पार्टी से कार्यों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से कराते रहने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने छूटे हुए कार्यों के लिए अलग से कार्ययोजना बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर भी कार्य को कराने में कोई समस्या या रूकावट आ रही है, उन समस्याओं का शीघ्रता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराए। इसके बाद जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन बेगम बाजार पुल का भी निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्य कब तक पूर्ण होगा की जानकारी ली जिसपर सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया कि थोड़ा ही कार्य अवशेष हैं जो कि इस माह में ही पूरा कर लिया जाएगा।इस अवसर पर सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोज अग्रवाल,परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पी के राय, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, आर्किटेक्ट सूरज केसरवानी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जूनियर एडेड स्कूलों में शिक्षक भर्ती के लिए अनशन

**प्रयागराज।** जूनियर एडेड शिक्षक भर्ती-2021 के अभ्यर्थी मंगलवार से शिक्षा निदेशालय में अनशन पर बैठ गए हैं। यहां अधिकारियों की लापरवाही व सरकार द्वारा रुचि न लेने से नाराज अभ्यर्थियों ने जमकर नारेबाजी की। दरअसल, कुछ दिन पहले ज्ञानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल निदेशक, बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश से लिया।भर्ती पूर्ण कराने की मांग की गई थी लेकिन उनके द्वारा अस्पष्ट और असंतोषजनक उत्तर दिया गया। केवल यही कहा गया कि अभी थोड़ा समय लगेगा लगेगा। इसके बावजूद भी सरकार से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई प्रक्रिया नहीं दी। अभ्यर्थियों ने कहा- 3 साल से भर्ती प्रक्रिया लंबित है जिस पर कोर्ट से किसी प्रकार का कोई रोक नहीं है। 40 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के भविष्य को संज्ञान में रखते हुए शासन तथा प्रशासन से गुहार लगाकर भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है।

## स्वकर निर्धारण एवं गृहकर छूट की अवधि 31 अक्टूबर 2024 तक

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के कर विभाग में वसूली हेतु विगत दिनों की गयी समीक्षा बैठक में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा समस्त कर अधीक्षकों तथा राजस्व निरीक्षकों को यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सभी भवन स्वामियों को, जिनके द्वारा अबतक गृहकर का भुगतान नही किया गया है या स्वकर निर्धारण कराते हुए गृहकर जमा नही किया गया है ऐसे सभी लोगों को समस्त वार्डो एवं मोहल्लों में आई0ई0सी0 के वाहन द्वारा प्रचार-प्रसार कराते हुए अवगत कराए कि 31 अक्टूबर 2024 के बाद स्वकर निर्धारण अथवा गृहकर छूट की अवधि में अब वृद्धि नही होगी। गृहकर छूट एंव स्वकर निर्धारण की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 को नगर निगम सदन द्वारा पहले ही घोषित किया गया था, अतः इसपर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया था कि भवन स्वामियों की सुविधा को देखते हुए वित्तीय वर्ष के छमाही बीतने के उपरान्त भी उन्हें छूट की सुविधा दी जाए, जिसके कारण 31 अक्टूबर 2024 अन्तिम तिथि घोषित की गयी थी। जिन भवन स्वामियों द्वारा 31 अक्टूबर 2024 तक स्वकर भरकर जमा नही किया जाएगा, उनको जारी किये गये बिल में जो भी कर आगणित किया गया है उसका भुगतान प्रत्येक दशा में करना होगा, चूकि स्वकर निर्धारण की कार्यवाही 31 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण रूप से बन्द हो जाएगी, अतः वित्तीय वर्ष 2022-23 से प्रभावी वार्षिक मूल्यांकन के अनुसार स्वकर निर्धारण न कराने वाले भवन स्वामियों द्वारा गृहकर जमा किया जाना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में स्वकर निर्धारण न कराते हुए एवं गृहकर भुगतान रोकने वाले ऐसे सभी भवन स्वामियों से गृहकर की वसूली बकाए के रूप में की जाएगी । अतएव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सभी भवन स्वामियों को इस विषय में आगाह करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अक्टूबर माह में अवशेष 15 दिनों के अन्दर अपना स्वकर निर्धारण फार्म भरकर कराते हुए गृहकर जमा कर देवें एवं जिनके द्वारा चालू गृहकर जमा नही किया गया है ऐसे भवन भवन स्वामी 10 प्रतिशत छूट प्राप्त करते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक अपना गृहकर जमा कर दें। जनहित में नगर निगम प्रयागराज द्वारा विभिन्न विज्ञापन माध्यमों से स्वकर निर्धारण एवं गृहकर छूट की अन्तिम तिथि के छूट के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार भी कराए जाने का निर्देश मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सभी जोन के कर अधीक्षकों को दिया गया है।

## मानस रामलीला में श्री राम राज्याभिषेक का मंचन, भव्य भंडारा का किया गया आयोजन

**नैनी।** नैनी मंगलवार को मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा श्री राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया। मंच से शिव तांडव, माँ दुर्गा, कृष्ण राधा, माँ काली की झाँकी निकाली गई। दर्शकों का मन मोह लिया। अवधपुरी अति रुचिर बनावा, देवनसुमन वृष्टि झरीलावा। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयस दीन्हा। सुत विलोकि हरषि महतारी, बार बार आरती उतारी। कार्यक्रम के समय भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मंचन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, सुभाष केसरवानी, पीर मोहम्मद् अजहर, शिव शंकर दीक्षित, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जैसवाल, मंत्री राजकुमार कुशवाहा, नंदू भाई आजाद, मीडिया संजय श्रीवास्तव सत्य गोपाल यादव आशीष राय रोहित शुक्ला सूरज यादव, मारुति नंदन तिवारी सुधीर प्रजापति, आदि रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Sajida Bano Guddi था। अब मेरा नाम बदलकर Guddi w/o Mohammad Rafiq हो गया है। मैं वर्तमान समय में इब्राहिमपुर पोस्ट लालगोपालगंज 229413 उत्तर प्रदेश निवास कर रही हूं।

# भारत का पुरातन और लोकप्रिय खेल है कुश्ती : लहरी भईया




**मेजा।** कुश्ती का खेल भारत का एक पुरातन और प्रिय खेल है। भारतीय गांवों में कुश्ती का दंगल प्राचीन समय से होता आ रहा है। यह एक अंतराष्ट्रीय खेल है जिसे ओलंपिक खेलो में भी शामिल किया गया है। भारत में कुश्ती के खेल ने दारा सिंह जैसे दिग्गज पहलवानों को पैदा किया है। उक्त बातें पूर्वांचल यूपी के लोकप्रिय जनसेवक श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने बीते रविवार को मिजार्पुर जिले के बाबा डेरानाथ दंगल समिति दुगरहा की ओर से आयोजित अंतर प्रांतीय कुश्ती दंगल मंच से बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। उल्लेखनीय है कि दुगरहा, जिला मिजार्पुर के दुगरहा गांव गांव में आयोजित विराट कुश्ती दंगल आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे समाजसेवी श्यामाकांत शुक्ला उर्फ लहरी भईया का अखाड़े में फूलमाला और पगड़ी बांधकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दंगल में राजस्थान, बंगाल, पटना, गोरखपुर, अयोध्या, दिल्ली, बनारस, चंदौली, भोपाल, लखनऊ तथा कई अन्य जगहों के पहलवानों ने शिरकत की थी। निर्णायक मैच में डीएलडब्लू वाराणसी के धर्मेंद्र सिंह ने गोरखपुर के भीम पहलवान को काला जंग दांव से आसमान दिखाकर 31 हजार रुपए की इनामी बाजी अपने नाम की। मुख्य अतिथि श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने इन पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। मिजार्पुर के सुरेंद्र यादव ने दिल्ली के पिंटू पहलवान को हराकर लोगो का दिल जीता। महिला पहलवानों में दिल्ली की नेहा मिश्रा ने झांसी की सौम्या तिवारी को पटखनी देकर ग्यारह हजार रुपए का इनाम राशि अपने नाम की । सुरेंद्र पांडे तथा देवदत्त निर्णायक की भूमिका निभाए। इस अवसर पर दंगल समिति के अशोक कुमार पांडे उर्फ पहपट, गुलाब शंकर पांडे, जटा शंकर पांडे, राधेश्याम, श्यामलाल, दीपू पांडे, अमर बहादुर सिंह, कमलेश पांडे, दामोदर पांडे, देवी शंकर शुक्ला, कलेक्टर पांडे, कप्तान पांडे, सूर्यबली यादव, जटा शंकर यादव मिजार्पुर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल छात्र नेता हेमंत तिवारी तथा जय प्रकाश बिंद आदि गणमान्य लोगों के साथ हजारों की भीड़ उपस्थित रही।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनाई, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2024-25

**टेण्डर/कोटेशन**

दिनांक :15.10.2024

ग्राम पंचायत **सोनाई** में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **सोनाई** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-10-2024 से दिनांक 29-10-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30-10-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30-10-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की रोड से मुस्लिम बस्ती तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य 50 मीटर | 2.00 लाख | 3 माह |
| 2. | मेन रोड से धीरज के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य 50 मी. | 2.0 लाख | 3 माह |
| 3. | चक्की से मुन्नू के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य 120मी. | 4.0 लाख | 3 माह |
| 4. | मोरी से निराला के घर तक मिट्टी व खडंजा कार्य 150 मी. | 2.50 लाख | 3 माह |
| 5. | नाली निर्माण कार्य 100 मीटर | 2.0 लाख | 3 माह |
| 6. | हैण्डपम्प रिबोर कार्य 7 नग | 2.0 लाख | 3 माह |

मंजूलता
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

सुधीर जय शेखर
सचिव
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# राम भरत मिलन देख नम हुई भक्तों की आंखें

## प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक भरत मिलाप सकुशल संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले का ऐतिहासिक भरत मिलाप बड़े धूमधाम से मनाया गया। शाम छह बजे से ही विद्युत झालरो सतरंगी लाइटों से पूरा नगर जगमग हो गया था। रात्रि नौ बजे से रथो और चैकियो ने अपना प्रदर्शन करना शुरू किया तो राम भक्तों का सैलाब उमड पड़ा। सारी रात चैकियां और विद्युत लाइटों को देखने हजारों की संख्या में भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा था।

सुबह छह बजे प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी महाराज भरत चैक पहुंचे। वहाँ पर पहले से ही भरत, शत्रुघ्न प्रभु का इंतजार कर रहे थे। सुबह सात बजे भरत मिलाप के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने भरत चैक पर पहुंचकर पूजन आरती की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा सिंह गायत्री गंगा ग्रुप, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, सीडीओ , एसडीएम सदर शैलेंद्र वर्मा व उपस्थित सभी अधिकारीगण व रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदीप केसरवानी, धर्मेंद्र चैरसिया, पंकज शुक्ला, संतोष गुप्ता आदि ने प्रभु सहित चारों भाइयों की आरती उतारी। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार, सीडीओ डॉ दिव्या मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका ईओ राकेश कुमार, बिजली विभाग एसडीओ, जेई आदि अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री रामलीला समिति के पदाधिकारीगण आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रमेश, सोमिल केसरवानी, संतोष गुप्ता, सुशील कसौधन, अर्पित खंडेलवाल, आशीष उमरवैश्य, मनोज खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, नमन केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, तेजस गुप्ता आदि हजारो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।



राम-भरत की आरती उतारते डीएम संजीव रंजन।

## आपस में भिड़े लोग, दो का हुआ चालान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इतनी चुस्त-दुरुस्त पुलिस की व्यवस्था के बावजूद अराजकतत्व आपस में भिड़ने से नहीं माने और रामलीला मैदान के पास दो लोग मारपीट करते पुलिस द्वारा दबोचे गये। इनका चालान कोतवाली पुलिस ने किया। ऐसी की घटना निर्मल पैलेस तिराहे के पास होते-होते बची। वहां पुलिस के पहुंच जाने पर हुड़दंग मचा रहे लड़के भाग खड़े हुए।



राम भरत मिलन को देखने उमड़ी भीड़।

## ....जब गुल हो गई बिजली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रात भर बिजली रहने के बावजूद भोर में पांच बाजे जब बिजली गई तो आयोजकों के हाथ पैर फूल गये लेकिन गनीमत रही कि पांच-सात मिनट में बिजली आ गई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। जिस समय बिजली गई थी, उस समय कुछ अंधेरा था। इससे बिजली जाने का असर दिखाई दिया।

## बिस्किट, पानी से तर किया गला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ऐतिहासिक भरत मिलाप के अवसर पर रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल द्वारा निःशुल्क बिस्कुट, पेयजल तथा प्राथमिक चिकित्सा एवं भूले भटके लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रो. डॉ. शिव मूर्ति लाल मौर्य, रो.उमेश प्रताप सिंह, रो.राजेन्द्र खण्डेलवाल, रो.सरदार करमजीत सिंह, रो.डॉ घनश्याम अग्रवाल, रो.डॉ. प्रीति पांडेय आनंद पांडेय अध्यक्ष वकील परिषद्, रो.शरद केसरवानी, रो.संदीप प्रकाश खरे, रो.अख्तर मसूद, श्रीमती सरोज सिंह, कविता केसरवानी, पारुल केसरवानी, प्रदीप सिंह, द्वारका प्रसाद चतुर्वेदी, अनूप केसरवानी, सौरभ यादव,शुभम उमर वैश्य सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे।



कचहरी में हनुमान जी की आरती उतारते अधिवक्ता।

## भरत मिलाप सकुशल सम्पन्न होने पर उतारी गयी हनुमान जी की आरती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के ऐतिहासिक परम्परागत भरत मिलाप सम्पन्न होने को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कचहरी में भगवान बजरंगबली की भव्य आरती उतारी। वहीं सकुशल भरत मिलाप सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की भूमिका को भी सराहा। संकटमोचन धाम में लहरी महराज के संयोजन में शंख ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अधिवक्ताओं द्वारा भगवान बजरंगबली की आरती व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। कार्यक्रम में शामिल हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि भरत मिलाप के सौहार्दमय वातावरण में सम्पन्न होना जिले की एकता शक्ति की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने जिले के डीएम संजीव रंजन तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार के संयुक्त प्रशासनिक प्रबन्धन को भी जिले के लोगों की ओर से सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा तथा संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, रामकृष्ण मिश्र गुडडू, विनोद शर्मा, प्रदीप सिंह, सुशील दुबे, शीतला शर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

## शानो शौकत के साथ मनाया गया जश्न ए गौसिया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के खानापटटी के मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में अटठावनवां जश्न ए गौसिया का जश्न शानोशौकत के साथ मनाया गया। नगर में जुलूसे गौसिया भी निकाला गया। जिसमें बड़ी तादात में इलाकाई लोगों के साथ जनपद व कौशाम्बी, बुलन्दशहर आदि जिलों से आये अकीदतमंद भी शामिल हुए। तालीम तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए मशहूर रहे।

मौलाना अतीक साहब की पाक मजार पर अकीदतमंद सजदा करते दिखे। जनपद व गैर जनपदों से आये उलेमाओं ने एकराम की तकरीर भी पेश की। जिसमें हजरत रहमानी मियां ने अतीके मिल्लत के बारे में कहा कि उन्होनें जीवन भर गरीब व दुखियों तथा बेसहारा की मदद की। अकीदतमंदों ने पाक मजार शरीफ पर गुलपोशी व चादरपोशी भी की। जश्ने गौसिया में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व नेता कांग्रेस विधानमण्डल एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अतीक साहब की पाक मजार पर चादरपोशी करके मुल्क की सलामती की नेताद्वय की ओर से दुआ मांगी। जश्न ए गौसिया में गुल मोहम्मद, बेलाल रहमानी, सददाम अहमद, मोकीम खान, मतलूब खान, अम्मार रहमानी, आबिद अली, वकार अहमद, इद्रीश शेख, हाफिज खान, ऐश खान, मो. अलीरजा, बाबर खान, नसीम, अब्दुल लतीफ, डा. अनीस खान आदि शामिल हुए।

# विद्युत विभाग के कार्यो में लापरवाही पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि

### डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर विद्युत विभाग की समीक्षा में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें डिफाल्डर श्रेणी में पाये जाने, खराब ट्रान्सफार्मर की शिकायत व लम्बित बिल भुगतान के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सत्यपाल को कड़ी फटकार लगायी और प्रतिकूल प्रविष्टि देने हेतु निर्देशित किया।

सीएम डैशबोर्ड की बैठक में ए0आर0 को-आपरेटिव एवं खनन इन्सपेक्टर अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। पशुपालन विभाग की समीक्षा में रैकिंग ठीक नही पायी गयी जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की बैठक करायें तथा गौशालाओं हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन अधिक संख्या में लम्बित पाये जाने पर नाराजगी जतायी और निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर वृद्धावस्था पेंशन के लम्बित आवेदनों का निस्तारण करायें। इसी प्रकार सीएम डैशबोर्ड पर लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, माध्यमिक शिक्षा, पर्यटन विभाग, प्रोबेशन विभाग, उद्योग विभाग, सेतु निर्माण, राजस्व विभाग की रैकिंग ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की योजनाओं में रैकिंग ठीक नही है वह रैकिंग ठीक कर लें अन्यथा की स्थिति में आगामी माह में विभागों की रैकिंग ठीक नही पायी जायेगी तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये, शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करायें और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त ढंग से किया जाये और सम्बान्धित शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता भी की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद, दो गिरफ्तार

### रिहायशी क्षेत्र कौशिल्यापुर मै पकड़ी गई फैक्ट्री

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वारा अपराधों की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार सुबह पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध पटाखा व पटाखा बनाने की निर्माण सामग्री के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया। स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में मंगलवार सुबह दरोगा विवेक कुमार, कबीरदास, अशोक कुमार यादव, फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की रिहायशी क्षेत्र कौशिल्यापुर रानीगंज कैथौला बाजार के निवासी वसीर अहमद पुत्र यार मोहम्मद तथा वारिस अहमद पुत्र वसीर अहमद बम बनाते है। पुलिस ने दविश देकर बाजार स्थित घर से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चैबीस अर्धनिर्मित बम व पन्द्रह किलोग्राम पटाखे तथा बारूद सोरा पोटाश आदि पटाखे बनाने की सामाग्री की बरामदगी की है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वसीर अहमद व वारिस अहमद के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।



पुलिस की हिरासत में अभियुक्तगण।

## घर में हुई चोरी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सैयद कासिमपुर कसमापुर गांव निवासी परमानंद मिश्र पुत्र गया प्रसाद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ अगस्त की रात सेंधमारी कर अज्ञात चोर घर में घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़ डाला। चोरों ने कमरों में रखे लाखों के सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद सोमवार की शाम अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है।

## जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी एवं एसएसपी उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। जनपद में डीएपी, एनपीके एवं यूरिया सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही इनकी निर्धारित दरों पर विक्री की जा रही है। दिनांक 10.10.2024 को जनपद में यूरिया 17918 मै0टन, डीएपी 3577 मै0टन, एनपीके 4011 मै0टन, एमओपी 1235 मै0टन एवं एसएसपी 475 मै0टन की उपलब्धता है। वर्तमान में रबी अभियान के तहत कृषक भाईयों द्वारा दलहन, तिलहन आदि फसलों हेतु डीएपी से बेहतर विकल्प के रूप में एनपीके खाद का प्रयोग करना चाहिये, इसके साथ ही किसान भाई एसएसपी का प्रयोग अधिक से अधिक करें जिससे भूमि को अन्य तत्वों के साथ सल्फर भी मिल सके। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक विक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मेमो देने व पीओएस मशीन से उर्वरक विक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिये गये है एवं सभी कृषकों को पीओएस मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया है। कृषक भाई सन्तुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरकों का भण्डार न करें।

## राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नही : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्टेªशन, मण्डी, वाणिज्य कर सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की और निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नही होगी, सभी जिम्मेदार अधिकारी शासन की ओर से निर्धारित लक्ष्यों को तय समय सीमा में प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि नामान्तरण, पैमाइश, वरासत के प्रकरणों को लम्बित न रहें उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, शिकायते डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 16 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी अपोलो हास्पिटल के द्वारा एएचसी नर्स (न्यूनतम अर्हता एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, कार्यस्थल-दिल्ली एनसीआर) के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। कम्पनी के लिये इच्छुक अभ्यर्थी की लम्बाई 5 फुट होना चाहिये और महिला अभ्यर्थी हेतु वजन 45 किलो व पुरूष अभ्यर्थी हेतु वजन 50 किलो होना चाहिये।

# भरत मिलाप न ले जाने पर छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

### छात्रा के अचानक मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भरत मिलाप दिखाने न ले जाने पर नाराज छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। अचानक मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। और भरत मिलाप की खुशी दुख में तब्दील हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मोलाना पुर गांव निवासी दिनेश गौड़ की पुत्री सेजल (16) वर्ष कक्षा 10 में पढ़ती थी। सोमवार को घर के सभी सदस्य प्रतापगढ़ भरत मिलाप देखने जाने वाले थे। छात्रा सेजल भी भरत मिलाप देखने जाने की जिद पर अड़ गई। घर के सदस्यों ने गाड़ी में जगह न होने का बहाना बताकर उसे ले जाने से इनकार कर दिये और उसे अगली बार भरत मिलाप दिखाने का आश्वासन दिए। इससे सेजल नाराज होकर अपने कमरे में चली गई।

और रात करीब साढे .आठ बजे जब सभी लोग खाना खाने के लिए उसका दरवाजा खोले तो नहीं खुला। परिजन खिड़की से देख तो सेजल कमरे के छठ के चूल्हे में फांसी लगाकर झूल गई थी। घटना का मंजर देखे ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन फांसी के फंदे से उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। अचानक मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और लोगों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## श्रीराम कथा का आयोजन आज से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानस सत्संग समिति द्वारा तीसवां वार्षिक मानस सम्मेलन एव संगीतमयी श्री राम कथा का आयोजन 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक सहोदरपुर स्थित बाग में किया गया है, जिसमें ख्यातिप्राप्त ओजस्वी कथा व्यास श्री पागलदास महराज होंगे।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के कालूराम का पुरवा में बाबा वासुदेव महराज के धाम पर मंगलवार को सामूहिक भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में शामिल श्रद्धालुओ ने पूजन अर्चन कर लोकमंगल की कामना की। भण्डारे का संयोजन इं. अतुल शुक्ला, राहुल यादव, मनीष व सूरज गुप्ता ने सामूहिक रूप से किया। सह संयोजक रमाकांत वर्मा ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। भण्डारे में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज भी शामिल हुए। इस मौके पर केडी मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, सालिकराम तिवारी, अभिनव शुक्ला, पप्पू तिवारी, संतोष मिश्र, विजय प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह चैहान, श्याम लाल वर्मा आदि रहे। धार्मिक आयोजन को लेकर भजन व संकीर्तन में देर शाम तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया।

## शोक संवेदना जताने पहुंचे राजा भइया, दी आर्थिक सहायता

**प्रतापगढ़।** बीते दिनों दुर्गा मां के मूर्ति विसर्जन करने जाते समय महेशगंज इलाके के मछेहा हरदो पट्टी गांव के शिवगढ़ में विद्युत तार से डीजे में करंट उतरने से दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु होने पर उनके घर जनसत्ता दल के सुप्रीमो पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पहुंचे और मृतक रंजीत और मृतक अरूण के घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना जताया। राजा भइया ने दोनो मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक मदद किया। साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने मेला व कबडडी का उठाया आनन्द

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज अन्तर्गत इटैला के पूरे नोती में परम्परागत मेला व खेलकूद का आयोजन हुआ। जिसमें बडी संख्या में शामिल हुए ग्रामीणों ने मेले व प्रतियोगिता का लुत्फ उठाया। पूरे नोती में आयोजित मेला शाम ढ़लने के साथ ही रंगत में आया दिखा। बड़ी संख्या में मेले में शामिल युवाओं की टोली के साथ ही महिला पुरूष ने मेले का भरपूर आनन्द लिया। मेले में खिलौने की दुकानों पर बच्चों के साथ युवाओं की भी भीड़ रही। वहीं श्रृंगार की दुकानों पर महिलाएं खरीददारी में मगन दिखीं। इसके साथ ही मेले में आये झूले का भी लोगों ने आनन्द लिया। वहीं मेले में कबडडी तथा कुश्ती की प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कबडडी में शमशेरगंज व कयाही टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें कयाही की टीम विजेता बनी। वही कुश्ती में फतेहपुर के अर्जुन को पटखनी देकर मनियारपुर के आमिर ने खिताब अपने नाम किया। मेले के प्रबन्धक व संयोजक रामलखन तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर बाबूराम सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, हृषीकेश, शिवाकान्त तिवारी, बालेन्द्र, राजू, विश्वनाथ, अश्विनी व अंजनी आदि मौजूद रहे।

# फसल अवशेष प्रबन्धन प्रचार-प्रसार वाहनों को डीएम ने किया रवाना



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। फसल अवशेष प्रबन्धन यथा-पराली/पुआल/पैरा/ठूँठ एवं केले का तना इत्यादि फसल अपशिष्ट जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे धुयें द्वारा वातावरण में पहले से विद्यमान विभिन्न गैसों के साथ कोलाइड बनाने से वायु अत्यन्त ही प्रदूषित व जहरीली हो जाती है। उक्त के सम्बन्ध में आप अवगत हों कि मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली ओ0ए0 संख्या-666/2018 (पूर्व ओ0ए0 नं0-451/2018) श्रीमती गंगा लालवाणी बनाम यूनियम ऑफ इण्डिया एवं अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनॉक-15.10.2019 में आदेश दिया गया कि फसलों की कटाई के उपरान्त बचे हुये भूसे को जलाया जाना प्रतिषिद्ध करते हुये अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि कृषि अपशिष्टों को जलाये जाने की घटनाओं को रोकने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करने एवं पराली/कृषि अपशिष्ट को जलने से रोकने हेतु प्रचार-प्रसार वाहन- फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने तथा इसके न जलाने से भूमि में होने वाले लाभों से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील/विकासखण्डों में प्रचार वाहन द्वारा लोगों को जागरूक किया जायेगा।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डा0सन्तराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## 100 कृषकों के दलों को प्रशिक्षण के लिए डीएम ने किया रवाना



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत 100 कृषकों का दल पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सैम हिगिनबाटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी एण्ड साइन्सेस शुआट्स नैनी प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। यह दल पाँच दिवसों तक विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पशु,पालन एवं दुग्ध उत्पादन की भी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे और जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस.पास के अन्य कृषकों में भी नयी तकनीकी का प्रचार.प्रसार करेंगे। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार कुशवाहा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## यूपी डायल 112 की गाड़ी का टूटा एक्सल दो सिपाही घायल

### अनियंत्रित गाड़ी दीवाल से टकराई अन्य बाल बाल बचे

**कौशाम्बी** जिले में नेशनल हाइवे पर यूपी डायल 112 की चलती हुई गाड़ी का एक्सल अचानक टूट गया,जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई और हाइवे के किनारे बनी दीवाल से टकरा गई,दुर्घटना में दो सिपाही घायल हो गए,जबकि टीम के अन्य बाल बाल बच गए। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर की है जहा नेशनल हाइवे पर दौड़ रही यूपी डायल 112 की दफ्फ 1202 का अगला चक्का का एक्सल टूट गया और गाड़ी हाइवे किनारे बनी दीवाल में जाकर टकरा गई। हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए जबकि अन्य बाल बाल बच गए।घटना की सूचना पर पहुंचे सैनी कोतवाली प्रभारी ने पुलिसकर्मियों का हाल जाना और घायलों को अस्पताल में भेजकर इलाज कराया और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

# ग्राम प्रधान पति पर प्राण घातक हमला एडीजी से शिकायत

### दो दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं के दर्ज है पूर्व प्रधान पर मुकदमे

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली डांडी गांव निवासी सतीश कुमार सिंह पुत्र राम प्रसाद सिंह की पत्नी कविता सिंह वर्तमान ग्राम प्रधान है वर्तमान में कनैली ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पति होने के नाते ग्राम पंचायत का कार्यो का प्रतिनिधित्व प्रधान पति सतीश देख रहे है लेकिन उनके कार्यो में लगातार बाधा डाली जा रही है 09 अक्टूबर 2024 की रात्रि लगभग 7:30 बजे प्रधान पति की बंद पड़ी आरा मशीन के पास राजेश कुमार पासी पुत्र छोटेलाल वा द्वारिका प्रसाद पासी पुत्र महादेव पासी गाली गलौज कर प्रधान पति को ललकार रहे थे लोगों के बीच हमलावर कह रहे थे कि सतीश कुमार सिंह मिल जाए तो उसकी हत्या करनी है यह बात लोगों को जानकारी मिली तो उन्होंने हमलावरों को समझाने का प्रयास किया बात प्रधान पति तक पहुँची अराजकता की हद हो गयी कि डेढ़ दो घंटे तक हमलावर प्रधान पति को खोज कर हत्या करने का प्रयास करते हुए ललकारते रहे इसी बीच बंद पड़ी आरा मशीन के पास प्रधान पति पहुंच गए जिस पर उपरोक्त दोनों हमलावर ने प्रधान पति पर हमले का प्रयास किया प्रधान पति को पकड़ के दोनों लपट गए और जमीन पर उन्हें पटक दिया इसी लपटी लपटा में हमलावर राजेश भी जमीन में गिर गया भीड़ बढ़ती देख दोनों हमलावर फिर मिलने के बाद हत्या करने की धमकी देते हुए मौके से चले गए हैं। प्रधान पति ने एडीजी प्रयागराज को प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि कनैली गांव के एक दबंग पूर्व प्रधान रंजिश रखते हैं और लगातार वह प्रधानी में कमीशन के रूप में गुंडा टैक्स की मांग करते हैं उन्हें गुंडा टैक्स देने से प्रधान पति ने इनकार कर दिया बताया जाता है कि पूर्व प्रधान पुराने अपराधी हैं इन पर दो दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज है दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक यह संगठित अपराध का संचालन करते हैं और लोगों से गुंडा टैक्स की वसूली करते हैं आरोप है कि क्षेत्र में पूर्व प्रधान का अपराधियों का बड़ा गिरोह है जिससे यह अपराध करवाते हैं और अपराध के धन से यह मालामाल होते हैं। आरोप है कि पूर्व प्रधान हत्या करने का लगातार प्रयास करते हैं कई बार इसके पहले भी प्रधान पति की हत्या के प्रयास ह्यो चुके है प्रधान पति जान बचाकर भाग रहा है प्रधान पति पर हमले के बाद उक्त पूर्व प्रधान ने थाना पुलिस पर दबाव बनाकर के प्रधान पति पर अनुसूचित जाति की धारा गाली-गलौज मारपीट का झूठा मुकदमा हमलावर राजेश पासी की ओर से दर्ज करा दिया है झूठ तरीके से हमलावर राजेश पासी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे की उच्च स्तरीय जांच करा कर मुकदमा समाप्त कराए जाने और हत्या करने की साजिश रचने वाले पूर्व प्रधान और हत्या का प्रयास करने वाले हमलावरों राजेश कुमार पासी और द्वारका प्रसाद पासी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके इनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग प्रधान पति ने एडीजी प्रयागराज से की है।

# बेहतर आपसी सामंजस्य निपुण लक्ष्य प्राप्ति में है सहायक : डायट प्राचार्य

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग में प्रत्येक माह तीसरे मंगलवार को न्याय पंचायत स्तर पर संकुल बैठक का आयोजन किया जाता है। चायल विकासखंड की न्याय पंचायत मोहम्मदपुर में अक्टूबर माह की मासिक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय चिल्ला शहबाजी में संपन्न हुई।बैठक का आयोजन एजेंडा के अनुसार किया गया जिसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य निधि शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं।उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षकों को निपुण लक्ष्य एप पर प्रतिदिन प्रत्येक शिक्षक द्वारा पांच छात्रों का आकलन करने हेतु प्रेरित किया,जिससे छात्रों को प्रतिदिन अभ्यास होने के साथ साथ छात्रों की रूचि जाग्रत हो,एप पर झिझक आसानी से दूर हो। शिक्षक छात्रों के माता-पिता से संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति हेतु प्रयास करें। शिक्षक बच्चो के साथ आत्मीय संबंध बनाएं जिससे छात्र उपस्थिति बढ़े। शिक्षक संकुलों ने शिक्षण योजना पर प्रस्तुतीकरण टूल किट, रिमिडियल टीचिंग के बारे में शिक्षक संकुल पूनम सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डायट प्रवक्ता डॉ. कौशलेंद्र मिश्र, डॉ देवेश सिंह ओमप्रकाश, एआरपी मनोज कुशवाहा, शिक्षक संकुल राम शिरोमणि, मौलश्री, क्षमा सचान, प्रतिभा सिंह, सुधा सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# गणेश और मुकुट पूजन से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

### धर्मराज मौर्य ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करें



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के गांधी चबूतरा मैदान पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम की जीवन गाथा के रूप में 34 वाँ रामलीला व दशहरा महोत्सव का मंचन शुरू हो गया। गणेश ,मुकुट पूजन के यजमान मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य रहे हैं।पूजन पंडित शिवराम मिश्रा द्वारा विधि विधान से मंत्रोचारण के साथ धनुष, मुकुट पूजन आरती कर राम लीला का शुभारंभ किया गया है मुख्य अतिथि धर्मराज मौर्य ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुशरण करें तथा उनके जीवन से प्रेरणा लें। पूजन के बाद गांधी चबूतरे( रामलीला मैदान ) पर सजे आकर्षक मंच पर रामलीला मंडली ( शेषराज बाबा रामलीला कमेटी खेसहा फतेहपुर)के कलाकारों ने नारद मोह के मंचन से भव्यता प्रदान की है वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि नगर पंचायत अझुवा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला कमेटी अझुवा उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर दिन मंगलवार से 24 अक्टूबर दिन गुरुवार तक रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है नगर पंचायत अझुवा में 21और 22 अक्टूबर को विशाल मेले का आयोजन होगा जिसे देखने के लिए दूर दराज से दर्शक पहुंचकर रामलीला, रोशनी कमेटी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियों , एवं अद्भुत झूलों का प्रदर्शन देखेंगे। इस अवसर पर शंकर लाल केसरवानी, विपिन मोदनवाल, अरविंद केसरवानी, फूल चंद्र केसरवानी, शिव प्रताप मौर्य, ननका सभासद, रामबाबू मोदनवाल सभासद, पंकज मौर्य, सुरेश केसरवानी, संजय केसरवानी, नरसिंह यादव सहित सैकड़ों गणमान्य लोग एवम आमजन मानस मौजूद रहे।

# आधार कार्ड को एडिट कर पुलिस ने नाबालिग बालिका को बना दिया बालिग

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर 1 जून को युवक अपने साथ भगा ले गया और युवक उसे साथ लेकर अपने रिश्तेदारी में इधर-उधर घूमता रहा बाद में बालिका बरामद हो गयी परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया आधार कार्ड से लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रमाण पत्र के जन्मतिथि के आधार पर बालिका नाबालिग है लेकिन पुलिस ने आधार कार्ड को एडिट करके बालिका को बालिंग बना दिया इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि को थाना पुलिस ने मानने से इनकार कर दिया और बालिका को ले जाने वाले युवक को विवेचक ने इस गम्भीर आरोप से मुक्ति दे दी बालिका की फोटो सहित युवक और उसके साथियों ने सोशल मीडिया में फोटो वायरल कर बालिका के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया मामला बाल कल्याण समिति तक पहुंचा तो बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया और साइबर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर मामले में 5 दिवस में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया बालिका के गायब होने को 4 महीने बीत जाने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी युवक पर थाना पुलिस ने किसी प्रकार के कार्यवाही नहीं की जिससे बालिका के परिवार के लोग परेशान हैं और बाल कल्याण समिति से लेकर पुलिस अधिकारियों तक शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं आधार कार्ड को एडिट कर बालिका की उम्र बढ़ाए जाने के मामले और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रमाण पत्र में जन्मतिथि को मानने से इंकार करने के मामले में यदि थाना पुलिस और विवेचक के कारनामे पर पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस और विवेचक की मुसीबत बढ़ना तय है।

# आशा एवं आशासंगिनी कर्मचारी संगठन ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सोमवार को अपनी 10सूत्रीय मांगों को लेकर आशा एवं आशा संगिनी सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री एवं सूबे के मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन सौपा है अवगत कराते चले कि भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में एक साथ ज्ञापन दिया जा रहा है। देश में ग्यारह लाख आशा वर्कर्स एवं एक लाख आशा संगिनी कार्यरत है। ज्ञापन के माध्यम से देश के मुखिया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि आशा वर्कस को राज्य कर्मचारी घोषित करते हुए न्यूनतम वेतन 18000 रूपया तथा संगिनी को 24000 हजार रूपया प्रति माह वेतन भुगतान सुनिश्चित करें। आशा को महीने में 20 दिन के बजाय 30 दिन का कार्य दिया जाए।इनका निशुल्क बीमा तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर 15 लाख का भुगतान किया जाये। रिटायरमेन्ट पर 10 लाख का भुगतान हो। उम्र बन्धन हटाते हुए योग्यता धारी संगिनी को एएनएम पद पर पदोन्नति किया जाये एवं इनको सुपरवाइजर का दर्जा प्रदान किया जाये टेबलेट व लेपटॉप की सुविधा प्रदान किया जाये।ज्ञापन देने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आशा संगिनी रहनुमा बानो सुमन प्रजापति राम सवारी संतरा देवी अनीता देवी रीता देवी शिव शांति देवी सुलेखा देवी रेखा देवी कुसुम देवी रीता यादव सीता देवी उषा देवी ममता पाल रेखा कैथवास मंजू अग्रहरि सीमा देवी सरला देवी कलावती शिल्पा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पैदल जा रहे व्यक्ति से बाइक सवार भिड़ा दोनों घायल

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाका गांव के पास पैदल जा रहे व्यक्ति से बाइक सवार टकरा गया है जिससे दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है घटना मंगलवार रात्रि लगभग 8:00 बजे की है। जानकारी के मुताबिक विकास उम्र 41 वर्ष पुत्र महेश निवासी टिकरा थाना महेवा घाट मोटरसाइकिल से मूरतगंज की ओर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के मलाका गांव के पास पहुंचे मलाका गांव निवासी संतोष कुमार उम्र 48 वर्ष पुत्र भोंडल बिना देखे सड़क क्रॉस कर रहे थे और वह बाइक सवार से टकरा गए टक्कर लगते ही बाइक समेत बाइक सवार और पैदल यात्री सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं मामले की सूचना गांव के लोगों को मिली तो गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए हैं सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल विकास को मूरतगंज पीएचसी में भर्ती कराया है और संतोष की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया है।

# डॉ. ए.एच.रिजवी पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूनामेंट



**कौशाम्बी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्रबंधक करार हुसैन रिजवी के मार्गदर्शन में डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज करारी के द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार की सुबह 11:00 बजे हुआ ' जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना, डॉ एमङ्ग एसङ्ग तौफीक, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. शमीम अहमद खान, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निर्देशक डॉ. इश्तियाक अहमद एवम डॉ. रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे ' महाविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ. मोहित त्रिपाठी के अनुसार इस अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूनामेंट में जिले की लगभग 30 टीमों ने भाग लिया है ' जिसमें विजेता टीम को 25000 एवं उपविजेता टीम को 15000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा ' इसके साथ ही प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा ' मंगलवार की सुबह रिजवी कॉलेज के मैदान में उदय प्रकाश इंटरमीडिएट कॉलेज सिरसी चरवा एवम नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी कौशाम्बी के बीच प्रथम मैच खेला गया ' जहां उदय प्रकाश के कप्तान अनुज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए जीत के लिए 53 रनों का लक्ष्य रखा ' इस लक्ष्य को नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी ने आसानी से पूरा करते हुए 8 विकेट से जीत लिया ' नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी के कप्तान अनुराग कुमार ने 26 रन बनाया और 6 विकेट लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ' कप्तान अनुराग कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ' इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अयोध्या पहुंचने पर राज सिंहासन पर प्रभु श्रीराम को बैठाया गया



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** शहजादपुर की रामलीला में सोमवार को लंका विजय के पश्चात अयोध्या पहुंचने पर प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम का मंचन किया गया। लंका में रावण का अंत करने के पश्चात प्रभु श्रीराम विभीषण को लंका का राजा बनाकर 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने पर सबसे पहले वह नंदीग्राम में तप कर रहे छोटे भाई भरत के पास पहुंचे जो श्रीराम के वन जाने के बाद कभी भी अयोध्या के सिंहासन पर न बैठकर नंदीग्राम के लगातार तपस्या कर रहे थे। श्रीराम और भरत का यही मिलन मिलाप कहलाया। उसके बाद पूरे अयोध्या को सुंदर और सुसज्जित तरीके से सजाते हुए घर घर दीप जलाते हुए दीवाली मनाई। पूरा अयोध्या नगर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। उसके बाद गुरु वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त का हवाला देकर दीवाली के दिन ही राजतिलक करने का विचार किया। फिर उन्होंने प्रेम भरे हृदय से अयोध्या का सिंहासन मंगवाया और प्रभु श्रीराम को उस पर विराजमान कर राजसिहासन पर बिठाया। जिसके बाद ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार किया। माताओं ने आरती उतारी। स्वर्ग से देवी देवताओं ने भगवान की जय जयकार कर पुष्प वर्षा किया। पंडाल में आए हुए भक्तों ने भी प्रभु श्रीराम के सिंहासन पर विराजमान होते ही जय श्रीराम के नारे के साथ पंडाल को गुंजायमान कर दिया।

### फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुना



**कौशाम्बी** प्रतिदिन की तरह पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। थाना स्तर से न्याय ना मिलने पर फरियादी पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचे और अपनी व्यथा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को उन्होंने सुना तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

### एसओ कोखराज ने शांति ब्यवस्था हेतु किया पैदल गस्त



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज क्षेत्र के राला चाकवन चौराहे में मंगलवार को कोखराज कोतवाल ने अपने हमराहियों के साथ पैदल गस्त कर शान्ति ब्यवस्था बनाये रखने की अपील की उन्होंने कानून व्यवस्था का जायजा लिया लोगों से वार्ता की और उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कानून का पालन करने के लिए निर्देशित किया सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह पुलिस मुस्तैद दिखी इस मौके पर कोखराज एसओ दुर्गेश कुमार गुप्ता अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे और सन्दिग्ध वाहनों की जाँच कर कार्यवाही करने को निर्देशित किया

### ससुरालियों पर पुत्री की हत्या का परिजनों ने लगाया आरोप, कार्रवाई नहीं होने पर एसपी से की शिकायत

**कौशाम्बी** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव में ससुरालियों ने अपनी पुत्री की हत्या का आरोप लगाया है। थाने में शिकायत के बावजूद कहीं भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार में एसपी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। करारी थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के नेतानगर मोहल्ले के रहने वाले सुरेश ने बताया कि वह अपनी पुत्री माया देवी की शादी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव के रहने वाले मुकेश पुत्र ओमप्रकाश के साथ किया था। जिसके दो मासूम बच्चे भी हैं। पीड़ित ने बताया कि उसके दामाद और दामाद के पिता ओमप्रकाश शराबी व नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं, जो आये दिन मेरी पुत्री माया देवी को मारपीट व गाली-गलौज व उत्पीड़न करते थें।आरोप है कि उक्त आरोपियो ने मिलकर बीती रात उनकी पुत्री के साथ मारपीट किया तथा गले में फॉसी का फन्दा लगाकर जान से मार दिया। थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित परिवार ने एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

### डीएपी की कालाबाजारी रोकने पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा है कि डीएपी की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराई जाए एवं नहरों की सिल्ट सफाई तथा टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए घोड़ रोज एवं निराश्रित पशुओं से फसल के नुकसान को बचाया जाए इस मौके पर अशफीर्लाल कुशवाहा संजीव कुमार पप्पू सिंह सुरेश प्रसाद प्रवीण पुरुषोत्तम सिंह संतोष कुमार सुभाष चंद्र सतीश कुमार लल्लू सिंह वीरेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे

### मैजिक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव का सोनू कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व. उद्धव प्रजापति शटरिंग का काम करता हैं। मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे वह बाइक से किसी काम से टेढ़ीमोड़ बाजार आया हुआ था। बाजार से काम करके वह घर जा रहा था। टेढ़ीमोड़ से मीरापुर जाते समय जैसे ही वह अंदावा जूनियर स्कूल के पास पहुंचा की टेढ़ीमोड़ से शहजादपुर जा रही एक स्कूली मैजिक ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद युवक लहुलुहान होकर बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पहुंची शहजादपुर पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा उधर मैजिक ड्राइवर मौका पाकर मैजिक सहित फरार हो गया।

### घूस लेते हुए दरोगा गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में एंटी करप्शन थाना खुलने से पूर्व ही टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है,एंटी करप्शन टीम ने जनपद के प्रभारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर/ को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है,टीम।की कार्यवाई से जिले में हड़कप मचा हुआ है। एंटी करप्शन टीम ने कौशाम्बी जिले में अपनी इंट्री कर दी है,टीम ने मंगलवार की सुबह ट्रैफिक पुलिस के एसआई/प्रभारी कमलेश पांडे को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है,एंटी करप्शन की टीम जांच में जुटी हुई है,हालांकि अभी इसकी कोई भी सक्षम अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहा है।

### परिवार रजिस्टर की नकल के लिए दौड़ रहा है गरीब

**कौशांबी मंझनपुर।** विकासखंड क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव का मिथिलेश कुमार पुत्र सूबेदार परिवार रजिस्टर की नकल पाने के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय मंझनपुर का चक्कर लगा रहा है 8 अक्टूबर को एडीओ पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया लेकिन उसके बाद भी एक सप्ताह बीत जाने के बाद पीड़ित किसान को परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल सकी है बताया जाता है कि जिम्मेदारों के दबाव में परिवार रजिस्टर की नकल किसान को नहीं दी जा रही है जिससे किसान परेशान है।

## सम्पादकीय

### धार्मिक उन्माद की बलि चढ़ते युवा

**उत्तर** प्रदेश के बहराइच के महराजगंज कस्बे (महसी तहसील) में दुर्गा विसर्जन पर गाने-बजाने को लेकर दो समुदायों में हुई भिड़ंत से उपद्रव हो गया। एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो वहीं एक गम्भीर रूप से घायल है। इसके कारण पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जुलूस में शामिल लोगों का आरोप है कि एक घर से उन पर पथराव किया गया इसलिये मामला बिगड़ा। यह भी आरोप है कि एक समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24 वर्ष) नामक युवक को घर के भीतर घसीट ले गये जहां उसको गोली मार दी गई। उसकी वहीं मौत हो गई। उसे बचाने गये 28 साल के राजन को भी गोली मारी गई। वह गम्भीर रूप से जख्मी है। दूसरी तरफ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें दिख रहा है कि वह युवक (रामगोपाल) एक घर की छत पर चढ़कर इस्लामी झंडा खींचकर गिरा रहा है और उसके साथ ही भगवा झंडा फहरा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला इसी कारण से हिंसक टकराव में बदल गया। कई जगहों पर आगजनी हुई है तथा प्रदर्शन किये गये। पुलिस ने कई जगहों पर लाठियां भी चलाईं।

बहराइच की यह घटना पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भड़काने तथा उन्हें उन्मादी बनाने के व्यापक षड्यंत्र का परिणाम ही प्रतीत होता है। देखा गया है कि धार्मिक जुलूसों के दौरान कुछ न कुछ ऐसा बवाल होता है या पैदा कर दिया जाता है जिससे मुठभेड़ की नौबत आ जाती है। खासकर, मस्जिदों के सामने से गुजरते हुए या समुदाय विशेष के मोहल्लों से निकलते हुए भड़काऊ नारे लगाये जाते हैं या काम किये जाते हैं ताकि दूसरे वर्ग में नाराजगी फैले। पुलिस की कार्रवाई भी कई बार एकतरफा होती है। जिन घरों या इलाकों से पथराव करने के आरोप लगाये जाते हैं, उन क्षेत्रों में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो जाता है। बहुत से ऐसे वीडियो सामने आये हैं जिनमें पता चलता है कि पुलिस स्टेशनों में उनकी पिटाई भी की जाती है। यह नागरिक अधिकारों का हनन एवं कानूनों का सरासर उल्लंघन है। ऐसी घटनाएं किन लोगों की शह पर होती हैं, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि बहराइच में उन्मादी भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग और दूसरी तरफ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय-जयकार कर रही थी। निश्चित रूप से यह खतरनाक स्थिति है। अब तक तो यह भी देखा जाता रहा है कि ऐसे मामले होने पर, वह भी विशेषकर उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज होते ही, बुलडोजरों से आरोपियों के घरों को ध्वस्त कर दिया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले के बाद ऐसी गैरकानूनी कार्रवाइयां फिलहाल स्थगित हैं। इसके बावजूद आरोपी, जो एक समुदाय विशेष के होते हैं, अन्य तरीकों से पुलिस एवं प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होते हैं। कहना न होगा कि इनमें से ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके किसी अनुषंगिक संगठनों से जुड़े लोग होते हैं। प्रत्यक्ष तौर पर तो ये धार्मिक जुलूस होते हैं लेकिन इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य निहित हैं। ऐसे जुलूसों के जरिए सियासी मकसद साधे जा रहे हैं- यह बात जुलूस में शामिल होने वालों, खासकर युवाओं को समझनी होगी।

# कब भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?

-: ललित गर्ग:-

**विश्व** खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार ह्ल आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बबार्दा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए ह्यप्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाह्ल व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दशार्ती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बबार्दी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है ह्लह्ल अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।



गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें।

सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दशार्ता है। हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है।

एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए।

आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

# भाजपा के कथित पराक्रम से पराभूत हरियाणा की जनता

- कामेश्वर

**हरियाणा** चुनाव में कांग्रेस ने तैतीस सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं जिनमें से बीस सीटों के प्रामाणिक दस्तावेज जुटाकर चुनाव आयोग को अभ्यावेदन किया है और शेष तेरह सीटों के दस्तावेजी सबूत जल्द प्रस्तुत करने की बात कही गई है। मुख्य आरोप यह है कि मतदान पश्चात जिन ईवीएम की बैटरियों में 99 फीसदी चार्जिंग होना पाया गया है उनमें सत्तर से अस्सी फीसद वोट भाजपा को मिले हैं। जिनमें 60-70 फीसदी चार्जिंग प्रदर्शित है उनमें कांग्रेस आगे है।

डिजिटल न्यूज चैनलों के साथ-साथ मुख्यधारा की मीडिया ने भी कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव में विपक्ष की लहर है। हरियाणा में चुनाव कांग्रेस नहीं जनता लड़ रही है। चुनाव क्षेत्रों में न्यूज चैनलों के इंटरव्यू में ऐसा दिखता भी था। एक्जिट पोल में बताया गया कि हरियाणा में कांग्रेस पचास से लेकर बहत्तर सीट पाने जा रही है। भाजपा पंद्रह से लेकर बत्तीस तक सिमट जाएगी। फील्ड में घूमने वाले और न्यूज चैनलों पर बहस करने वाले पत्रकार भी यही बता रहे थे। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक दावा किया कि अगर नतीजे ऐसे ही नहीं आए तो वे पत्रकारिता छोड़ देंगे।

चुनाव विश्लेषण करने वाले योगेंद्र यादव ने भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है, यह आंधी भी हो सकती है। और ज्यादा चली तो सुनामी भी। लेकिन चुनावों के नतीजे उम्मीद के उलट आए तो उन्होंने कहा कि कई बार चुनाव सर्वेक्षक और विश्लेषक माहौल को भांप नहीं पाते। कोई अंडर करंट चल रहा था जिसे वे भी भांप नहीं पाए। ईवीएम की धांधली के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे कोई तकनीकी विशेषज्ञ नहीं हैं और उनके पास धांधली का कोई सबूत नहीं है इसलिए इस बारे में वे कुछ कह नहीं सकते। खैर, योगेंद्र यादव ही क्यों, वैकल्पिक मीडिया के कई दिग्गज विश्लेषक भी कथित अंडर करंट को भांप न पाने के लिए खुद को लानत भेजने लगे। उन्हें कांग्रेस पार्टी और नेताओं की वे कमियां, जिन्हें भाजपा प्रचारित कर रही थी, बड़ी दिखाई देने लगीं जिन्हें वे उसकी लहर के सामने नगण्य मानकर उसकी शानदार जीत की भविष्यवाणी कर रहे थे।

चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा खेमे में मायूसी का आलम था। उन्हें गांवों में घुसने से रोका जा रहा था। उनकी सभाओं और रैलियों में लोग जुट नहीं रहे थे। खट्टर जैसे बड़े नेता तो खुले में प्रचार करने के बजाय बंद हॉलों में प्रचार कर रहे थे। एक चुनाव क्षेत्र में पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा उम्मीदवार की जीत के प्रति नाउम्मीदी जताए जाने पर उसे हॉल से बाहर निकलवा दिया।

मुख्यधारा की मीडिया द्वारा यह प्रचारित कराया जाने लगा कि हरियाणा कांग्रेस में फूट है। भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला अलग-अलग दिशाओं में चल रहे हैं। हुड्डा नहीं चाहते कि पार्टी को पचपन से ज्यादा सीटें मिलें। नहीं, उनकी दावेदारी कमजोर पड़ जाएगी। हाई कमान हावी हो जाएगा। इसलिए हुड्डा आमआदमी पार्टी और सपा के साथ गठबंधन कर ज्यादा सीटें जीतने के पक्ष में नहीं हैं। टिकट वितरण में उन्होंने हाई कमान की नहीं चलने दी और अपने बहत्तर उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। कुमारी सैलजा के कोटे से केवल सात उम्मीदवार उतारे गए इसलिए वे नाराज होकर घर बैठ गईं और न्यूज चैनलों को इंटरव्यू देकर अपनी भड़ास निकालने लगीं। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने उन्हें अपनी पार्टी में आने का न्यौता भी दे दिया। सुरजेवाला अपने बेटे को ही जिताने में लगे रहे। राहुल और प्रियंका गांधी ने प्रचार अभियान में उतरने में देरी कर दी।



इसी बीच राहुल गांधी अपनी अमरीका यात्रा से लौटे और उनका डंकी वीडियो वाइरल हुआ जिसमें वे डलास में पंद्रह/दस फीट के कमरे में रह रहे हरियाणा के उन डंकी युवाओं से मिले थे। फिर वे करनाल जाकर उन युवाओं के परिवार से भी मिले और हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी और नशाखोरी का मार्मिक चित्र खींचा। इस तरह हरियाणा में उनके चुनाव प्रचार का आगाज हुआ और उनके प्रचार में न आने शिकायत करने वाले चुनाव विश्लेषक कहने लगे, दे आयद, दुरुस्त आयद।

फिर राहुल गांधी वहां लगातार वाहन और पैदल चलकर हाईब्रिड यात्रा करने लगे जिसमें डंकियों के बहाने बढ़ती बेरोजगारी और नशाखोरी के संबंध में भावुक अपील करने लगे। किसान (एमएसपी की गारंटी), जवान (अग्निपथ योजना को बंद कर फौज में सामान्य भर्ती, दो लाख रिक्त पदों पर भर्ती), पहलवान (शारीरिक शोषण के खिलाफ न्याय) और संविधान की रक्षा के नारे लगाते हुए छत्तीस बिरादरी की सरकार बनाने की गारंटी देने लगे। इसके अलावा, घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और आम जनता के लिए सात प्रकार की रेवड़ियां बांटने का ऐलान भी किया। उन्होंने हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाकर उनके बीच मन-मुटाव दूर कर देने का प्रदर्शन भी कराया। मतदान से एक दिन पहले दलित नेता अशोक तंवर को भाजपा से निकाल कर अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। उनकी प्रचार यात्रा और रैलियों में भारी भीड़ उमड़ने लगी।

इधर मोदी ने चुनाव प्रचार में अधूरे मन से भाग लिया और फिर चुनाव से हफ्ते भर पहले ही वहां से भाग लिए। उनकी पहली रैली में मुश्किल से पांच हजार लोग जुटाए जा सके। उधर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज खुद मुख्यमंत्री बनने के दावे ठोक रहे थे। नायब सिंह सैनी को अपने विधानसभा क्षेत्र लाडवा में पिछड़ते बताया जाने लगा। खट्टर की अलोकप्रियता के मद्देनजर उन्हें चुनाव प्रचार और पोस्टरों से गायब कर दिया गया। पोस्टरों में मोदी भी दिखने बंद हो गए। ताकि हार का ठीकरा मोदी के सिर न फूटे।

चुनाव विश्लेषकों द्वारा बार-बार यही कहा जाता रहा कि मतदाता कांग्रेस को जिताने के लिए नहीं, बल्कि भाजपा को हराने के लिए वोट करेंगे। जब नतीजे निकले तो पासा पलट गया। भाजपा 48 सीट जीत गई और कांग्रेस 37 पर सिमट गई।

इस नतीजे से सभी भौंचक रह गए। मतदाता भी और चुनाव विश्लेषक भी। चुनावी पंडितों को अपनी समझ पर संदेह होने लगा। आखिर उनसे कहां चूक हो गई? अंडर करंट को वे समझ कैसे नहीं पाए। उन्होंने मान लिया कि सच में कोई अंडर करंट था। सड़क पर जो दिख रहा था वह सही नहीं था। फिर वे भाजपा की जीत को वास्तविक बताने के लिए उसके समर्थन में तर्क गढ़ने लगे-

1.जाट और गैर-जाट के बीच की खाई (मानों, जाटों का कथित अत्याचार संविधान संशोधन से होने वाले नुकसान से ज्यादा घातक हो।)

2. सीएम पद की खींच-तान (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो।)

3. अति आत्मविश्वास (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो। नतीजे निकलने से एक दिन पहले मुख्यमंत्री सैनी भरी सभा में कह रहे थे कि जीत के लिए निश्चिंत रहो। हमने सब व्यवस्था कर दी है। यह अति आत्मविश्वास नहीं था?)

4. इंडिया गुट के सहयोगियों के साथ गठबंधन न करने का फैसला। (चुनाव विश्लेषकों के अनुसार जब मतदाताओं ने भाजपा को उसके जनविरोधी नीतियों के कारण हराने का संकल्प ले लिया था तो वे दूसरे दलों पर अपना अमूल्य वोट क्यों खराब करते?)

5. पन्ना प्रमुखों का संगठनात्मक मशीन। (पन्ना प्रमुख क्या सम्मोहन विद्या जानते हैं जो मतदाता को अपने हित-अनहित सोचने के विवेक को छिन लेते हैं और एक ही दिन में उसके मत को पलट देते हैं। तब तो दूसरे दल कभी चुनाव नहीं जीत सकते।)

दरअसल, मीडिया और चुनाव विश्लेषक जिधर बम उधर हम के कायल दिखे। वे चित भी मेरी और पट भी मेरी की चाल चलने लगे। मुख्यधारा की मीडिया को छोड़ भी दिया जाए तो वैकल्पिक सोशल मीडिया के चुनाव विश्लेषक भी भाजपा की जीत की दबसट में अपने ही अनुमानों को झुठलाने लगे। वैकल्पिक न्यूज चैनल का एक एंकर कह रहा था कि भाजपा ने हरियाणा चुनाव अपने पराक्रम से जीत लिया। अब वे जिन बातों को पराक्रम समझ रहे हैं उनकी बानगी कुछ इस प्रकार है-

ईडी, आईटी और सीबीआई के माध्यम से भयादोहन के जरिए इलेक्टोरल बांड से संचित किया गया अकूत धन जिसे चुनावी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त किया जाता है, हर बूथ पर पन्ना प्रमुख तैयार किया जाता है और अब तो पन्ना समिति बनाने की तैयारी है। मतदाताओं को भी खूब बांटा जाता है। प्रॉक्सी उम्मीदवारों और वोट कटवा दलों को खड़ा कर उन्हें इफरात पैसा बांटा जाता है। राहुल गांधी पैदल तो चंद्रशेखर हेलीकॉप्टर से प्रचार कर रहे थे। विरोधी पार्टियों के खाते बंद कर दिए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से खोले भी जाते हैं तो उन्हें सरकार के डर से कोई चुनावी चंदा देना नहीं चाहता।

केंद्रीय वित्त मंत्री, भाजपा और अन्य पर भयादोहन का केस चल रहा है। कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश से उन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। लेकिन अब सीजेआई ने उस केस को अपने पास भेजने का आदेश दे दिया है।

पिछले आम चुनाव में 79 सीटों पर ईवीएम से धांधली का एडीआर द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर केस लंबित है जिसमें न्याय मिलने की संभावना अब तक तो नहीं दिखती।

# वन संरक्षण के देसी उपाय

- सुरेश भाई

**खेती**-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं। दुनिया में जब से खेती का काम शुरू हुआ होगा तभी से वनों का महत्व इंसान की समझ में आया होगा। खेती का काम मिट्टी, पानी, गोबर के बिना नहीं चल सकता। गोबर पशुपालन से ही संभव है। पशुपालन तभी तक जिंदा है जब तक जंगल और उसके बीच में चारागाह हैं। पशुओं का गोबर भी अकेला नहीं है। उसमें भी पेड़-पौधों की पत्तियां जब पशुओं के नीचे बिछाई जाती हैं तभी खाद बनतीहै। इसी तरह पानी भी ग्लेशियर और पेड़ों के बीच से ही आता है जो गांव के किनारे नदियों और अन्य जलधाराओं के रूप में धीरे-धीरे बहकर आगे जा रहा है। इसलिए खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैंकई जगहें, खासकर पहाड़ों में जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते हैं तो वन-पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार हरेक के बोझ को तौलता है। इसका वजन 70-80 किलोग्राम से अधिक होता है तो वन-चौकीदार बोझ से घास या लकड़ी निकालकर अलग करेगा और जिसके बोझ में कम वजन है उसमें मिला देगा। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज के रूप में मदद करते हैं। जून से सितंबर के बीच चारागाहों में पशुओं को नहीं भेजा जाता। इन महीनों में नई-नई घास और पौधे जंगल में उगते हैं जिनकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर चारे की व्यवस्था करते थे।



ये बातें आजकल स्कूलों में नहीं पढ़ाई जातीं। फलस्वरूप जीवन शैली उस तरह की नहीं है जिससे पर्यावरण स्वस्थ रहे। जीवन को सुखमय बनाने वाली मिट्टी, पानी, जंगल, हवा प्रदूषणमुक्त हो। इस बारे में जितना पढ़ रहे हैं उतना ही हमारा प्रकृति के प्रति विपरीत आचरण सामने आ रहा है। ताज्जुब होगा कि जब न कोई विज्ञान का सिद्धांत था और न कोई पुस्तक और न ही इस तरह की चकाचौंध थी, जैसे कि आज हमारे चारों ओर है, लेकिन मनुष्य ने आदिकाल से ही अपनी खेती-बाड़ी के महत्व के लिए जंगलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया था।

वर्ष 1815 से पहले जब अंग्रेज यहां आए थे तो लोग अपनी आजीविका के लिए वनों का प्रबंधन करते थे। उदाहरण है कि 1850 तक अंग्रेज फ्रेडरिक विल्सन ने गंगा घाटी के उद्गम में स्थित हर्षिल में रहकर तत्कालीन टिहरी नरेश सुदर्शन शाह से सिर्फ 400 रुपये में शंकु धारी वनों का पट्टा ले लिया था। उसने वहां के वनों का अंधाधुंध दोहन किया। गंगा घाटी से तमाम प्रकार की प्रजाति के पेड़ों को काटकर नदी के बहाव के साथ हरिद्वार और वहां से रेलवे लाइन बिछाने के लिए कोलकाता तक पहुंचाया गया। विल्सन ने इसकी आड़ में जंगली जानवरों का शिकार भी किया।

इसी दौरान वर्ष 1823 में गांव की सीमाओं का भी निर्धारण किया गया था जिससे लोगों के अधिकारों को वनभूमि पर सीमित करने का प्रयास आरंभ हुआ था। अंग्रेजों ने इसके लिए वर्ष 1865 में पहला वन-अधिनियम बनाया था। इसके बाद सन् 1877 में वनों की सीमाओं को भी निर्धारित करने का काम हुआ। जिसमें मुनारा बनाकर वन-सीमायें तय की गई थीं। इस प्रक्रिया में खेती की जमीन को छोड़कर संपूर्ण भूमि सुरक्षित वनभूमि के रूप में बदली गई। अंग्रेजों के इसी कानून के कारण वनभूमि पर लोगों को अतिक्रमणकारी मानने का सिद्धांत लागू हुआ, लेकिन अंग्रेजों की इस व्यवस्था के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने विरोध में वनों को आग के हवाले किया। यह घटना 1915-21 के बीच हुई थी। इसके बाद अंग्रेज शासन ने एक 'शिकायत समिति' का गठन कर आरक्षित वनों को 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' में वर्गीकृत किया। इसमें लोगों के अधिकारों को लौटाने की व्यवस्था की गई।

इसके बाद भी 1925 में 'शिकायत समिति' की संस्तुतियों के आधार पर मद्रास प्रेसीडेंसी के कम्युनिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पंचायती वन व्यवस्था को आरंभ किया गया। वर्ष 1931 में वन-पंचायत नियमावली बनाई गई जिसका गठन 1932 में प्रारंभ हुआ। उस समय उत्तराखंड में राजस्व ग्रामों की संख्या 13,739 थी। इसके अंतर्गत 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' के अनुसार आरक्षित वनों के साथ सिविल वनों की भी वन-पंचायत बनाना आरंभ किया गया। सन् 1976 में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 28 के अंतर्गत वन पंचायत नियमावली में संशोधन करके राजस्व विभाग को अधिकार दिए गए। इस संशोधन का बहुत विरोध हुआ। इसके बाद तत्कालीन उत्तरप्रदेश सरकार ने वर्ष 1982 में 19 सदस्यों वाली 'सुल्तान सिंह भंडारी कमेटी' बनाई, लेकिन उनके जितने भी संशोधन थे वे स्वीकार नहीं हो सके।

वर्ष 1997 में जब दुनिया में निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण का दौर चरम सीमा पर था तब विश्वबैंक की सहायता से 'संयुक्त वन प्रबंधन' योजना लागू की गई। इसको चलाने के लिए वन-पंचायत नियमावली में संशोधन किये गये। जिसके बाद वन-पंचायतों की स्वायत्तता को समाप्त करके वन विभाग के अधीन कर दिया गया और वन-पंचायत सरकार की देखरेख में चलने लगी।

## योजना के तहत पीडित को दी आर्थिक सहायता

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को सभाकक्ष में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी आरती पांडेय को दस लाख रुपए का चेक दिया। उपयुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पंजीकृत व्यापारी स्व राजा राम फर्म स्वामी बरम बाबा ट्रेडर्स जिनकी मृत्यु 18 दिसंबर 2023 को हुई थी। बीमा दावे के सम्बन्ध में शासन द्वारा बीमित धनराशि दस लाख रुपए स्वीकृत की गई थी। जिसका जिलाधिकारी ने मृतक की पत्नी को चेक दिया गया।

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का मनाया गया जन्मदिन

### मिसाइल मैन के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कछारपुरवा स्थित कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष्य में भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने बच्चों को मिसाइल मैन डॉ कलाम के अद्वितीय जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।



डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाते छात्र।

मंगलवार को डॉ प्रभाकर सिंह ने बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पौष्टिक भोजन के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन में सफलता के मार्ग को प्रशस्त करता है। डॉ प्रभाकर सिंह की संस्था ने सभी बच्चों को शैंपू और रीयल फ्रूट जूस का निःशुल्क वितरण किया। जिससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। विद्यालय के शिक्षक विद्या सागर सिंह ने डॉ कलाम के जीवन संघर्ष की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे अभावों के बीच भी उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी कर देश की सेवा की।

डॉ कलाम का जीवन किसी भी प्रेरक उपन्यास से कम नहीं है। उन्होंने देश को मिसाइल टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाया और राष्ट्रपति के रूप में भारत को नई दिशा दी। प्रधानाध्यापिका ऊषा रानी त्रिपाठी ने बच्चों से मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्यों को पाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण जैसे रचना यादव, गरिमा सिंह, ममता देवी, लवकुश सिंह समेत छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। डॉ कलाम के व्यक्तित्व को याद करते हुए डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि वे एक सर्वस्वीकृत भारतीय थे। जिनका जीवन हर जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका योगदान न केवल विज्ञान के क्षेत्र में था। बल्कि उनके नैतिक मूल्यों ने उन्हें एक आदर्श नेता के रूप में स्थापित किया।

## आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सडक सुरक्षा पखवाडा के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं दीप्ति त्रिपाठी यात्रीकर मालकर अधिकारी ने 12-13 अक्टूबर को जिले में ड्रिंक एंड ड्राइविंग व ओवर स्पीड के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

मंगलवार को स्कूली वाहनों की सडक सुरक्षा के मानक अनुसार जांच अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। स्कूल वाहन प्रबन्धक, प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि स्कूल में संचालित वाहनों को मानक के अनुरूप करायें चालकों, परिचालकों के चरित्र सत्यापन रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री, सवारियों के पाये जाने पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही वाहन चालकों एवं आम जनमानस को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये उनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया।

## आज से त्रिदिवसीय शरदोत्सव शुरू, कलाकार बिखेरेंगे सुर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में एक बार फिर जाने-माने कलाकार सुर बिखेरेंगे। त्रिदिवसीय शरदोत्सव आज से शुरू हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनदयाल शोध संस्थान जिला प्रशासन सतना व संस्कृति संचालन मप्र के सहयोग से शरदोत्सव का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम दीनदयाल परिसर में शाम सात बजे से होगा।

मंगलवार को आयोजन को लेकर उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में व्यवस्था टोली की बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने की। कहा कि 16 अक्टूबर को भजन संध्या गायन कार्यक्रम का आयोजन है। प्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी टीकमगढ़ व आनन्द रघुनन्दन नाट्य प्रस्तुति निर्देशन अनामिका सिंह परिहार सतना की प्रस्तुति तथा अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय व पुरातन छात्र परिषद की भी प्रस्तुति रहेगी।


भूमि पूजन करते कार्यकर्ता।

17 अक्टूबर को भक्ति गायन साधौ बैण्ड एवं साथी मुम्बई के अलावा भक्तिमती शबरी लीला नाट्य निर्देशन सविता दाहिया सतना, संगीत-मिलिन्द त्रिवेदी, आलेख-योगेश त्रिपाठी की प्रस्तुति रहेगी। तीसरे दिन 18 अक्टूबर को सुगम संगीत का आयोजन है, जिसमें इंडियन आइडल के विजेता गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल मुम्बई की प्रस्तुति होगी। शरद पूर्णिमा के दिन नानाजी के जन्मदिवस पर खीर प्रसाद का बांटी जायेगी।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत, मामा व छोटा भाई घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के राजापुर थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से तीन युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान राज वर्मा के रूप में हुई है। जो पनौटी गांव का रहने वाला था। वह अपने छोटे भाई अनुज व मामा के बेटे आशीष के साथ बाइक से पनौटी से सरधुवा जा रहा था।

सोमवार की देर रात ये हादसा राजापुर के खोपा गांव में हुआ। बाइक सड़क पर पड़ी मिट्टी के कारण फिसल गई। स्थानीय लोगों के तीनों को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही राज वर्मा की मौत हो गई। आशीष की हालत गंभीर है। उसे सोनेपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अनुज को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर

### एक की मौत, एक प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के जमहिल पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जीजा-साला सड़क हादसे में घायल हो गये। हादसे में शिवपूजन चकौंध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सत्येंद्र कसहाई गंभीर रूप से घायल हो गया।मंगलवार को मृतक के परिजनों ने बताया कि शिवपूजन व सत्येंद्र बाइक से राजापुर के उद्घटा जा रहे थे। तभी अचानक जमहिल पुल के पास मुख्य सड़क पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक से नीचे गिर पड़े।


मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की मदद से घायल सत्येंद्र को सोनेपुर जिला अस्पताल लाये। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शिवपूजन के शव को पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## गोल्ड मेडल के नाम पर हो रहा पक्षपात

**अखंड भारत संदेश**

### उपराष्ट्रपति तक पहुंचा मामला

**चित्रकूट।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छात्रा अंजली सोनी ने विवि प्रशासन पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। अंजली ने कहा कि गोल्ड मेडल के लिए पात्र होने के बाद विश्वविद्यालय ने उनका नाम हटा दिया है। अपने करीबी छात्रों को आगे बढ़ाया है। ये मामला उपराष्ट्रपति तक पहुंच चुका है। मंगलवार को छात्रा अंजली ने सोशल मीडिया पर राज्यपाल व कुलपति से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने दस महीने से न्याय के लिए चक्कर काटने की बात कही। 16 अक्टूबर को विश्वविद्यालय में राज्यपाल से दस मिनट का समय मांगा है। छात्रा का वीडियो सामने आने पर विवि में हलचल मची है। छात्रा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की छात्राओं को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। अन्य घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में एक छात्रा ने इसी प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। विवि कुल सचिव व कुलपति पर प्रताड़ना के आरोप लगाये हैं। विवि प्रशासन पूरे मामले पर चुप्पी साधे है। कुलपति व कुल सचिव ने अब तक इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ज्ञात है कि ये पहली बार नहीं है, जब विवि में इस तरह का विवाद हुआ हो। पहले भी छात्रों और अध्यापकों के बीच मतभेद के कारण धरना-प्रदर्शन, विवि गेट पर ताला लगाने जैसी घटनायें हो चुकी हैं। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस बार अंजली सोनी ने सीधे राज्यपाल से मुलाकात की अपील की है। उपराष्ट्रपति कार्यालय से वहां नियुक्त सचिव राजेश कुमार ने मप्र शासन को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। देखना है कि 16 अक्टूबर को राज्यपाल के दौरे में ये मुद्दा किस हद तक उठाया जाता है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने राजीव अग्रवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता का शहर के एक गेस्ट हाउस में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंगलवार को महामंत्री गुलाब गुप्ता ने कहा कि जिले के सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूती के साथ खडा किया जाएगा। शीघ्र ही पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। संगठन में वरिष्ठ पदाधिकारी का हमेशा सम्मान रहेगा। नए व्यापारियों को संगठन में जोडा जाएगा। नवनियुक्त


सम्मानित करते व्यापार मण्डल पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि जिले का हर छोटे बडे व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिला कर हर समय खडा रहा जाएगा। किसी भी तरह का किसी व्यापारी के साथ शोषण और अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम केसरवानी, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्य, जिला संगठन मंत्री महेश जयसवाल, गल्ला व्यापारी उमा दत्त पांडेय, विशाल केसरवानी, पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मनोज वर्मा, आईटी मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र केसरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ गल्ला व्यापारी, आयकर के वरिष्ठ सलाहकार संजय अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र अग्रवाल, दवा व्यवसायी पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चारु चांद्र खारे आदि ने शुभकामनाएं दी।

## चोरी के रुपयों समेत चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मऊ पुलिस ने कस्बा मऊ में हुयी चोरी की घटना के तीसरे आरोपी को 1400 रुपये के साथ गिरफ्तार किया।

मंगलवार को मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि बालमुकुन्द पुत्र उमेशचन्द्र निवासी मवई कला ने थाना मऊ में सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का दरवाजा तोडकर सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना मऊ में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक मऊ ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज को निर्देशित किया। उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज तथा उनकी टीम द्वारा बीती 22 सितम्बर को घटना के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही तीसरा आरोपी फरार चल रहा था। उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज तथा आरक्षी सोनपाल, राहुल पाण्डेय द्वारा गुड्डू निषाद गेरुवा मैदाना को गिरफ्तार किया गया।

## डीएम ने स्वास्थ्य शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर के करौंहा गांव में राजस्व व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने पं दीनदयाल उपाध्याय व नानाजी देशमुख के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया।

मंगलवार को डीएम ने शिविर में पेंशन योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड व किसानों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न स्टाल देखे। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में भी जानकारी दी। पात्रों के नाम सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को बताया। अभिभावकों से बच्चों के टीकाकरण


राजस्व व स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ करते डीएम।

को अनिवार्य रूप से कराने की अपील की। शिविर में दीनदयाल शोध संस्थान के सहयोग से एक किशोरी सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर ने किशोरियों से उनके स्वास्थ्य व पोषण के महत्व पर चर्चा की। उन्हें हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए संतुलित आहार की जानकारी दी। सम्मेलन में स्वास्थ्य जांच, कुपोषण निवारण, स्वच्छता व व्यावसायिक प्रशिक्षण पर विशेष सत्र आयोजित किये। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने नानाजी देशमुख की विरासत पर चर्चा करते हुए बताया कि उनका उद्देश्य था कि गांव में कोई गरीब, अस्वस्थ, अशिक्षित और बेरोजगार न रहे। डीएम ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लोगों तक पहुंचाने को शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में मानिकपुर कल्याण केंद्र का निरीक्षण किया गया। जहां आदिवासी बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## डीएम-एसपी ने ली कानून व्यवस्था, अभियोजन व महिला अपराधों की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में कानून व्यवस्था, अभियोजन व महिला अपराधों की समीक्षा बैठक कलेक्टेट्रट सभागार में हुई।

मंगलवार को डीएम ने ई-प्रासीक्यूशन पोर्टल पर दैनिक अभियोजन कार्यों की फीडिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।


बैठक लेते डीएम व एसपी।

डीएम ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय वाहनों के परमिट व वाहन चालक तथा परिचालक की जांच करायें। इसके लिए सभी विद्यालयों को पत्र जारी किया जाए। जितने शासकीय, प्राइवेट, कस्तूरबा गांधी, आश्रम पद्धति आदि विद्यालयों में छात्रावास हैं। उनमें छात्रायें निवास कर रही हैं, उन क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी रात्रि में गश्त करें। महिला सम्बन्धी अपराधों, माफियाओं, आर्म्स एक्ट, टॉप-10 अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करें। इस मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध खनन-ओवरलोडिंग के खिलाफ करें कार्यवाही: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सीएम डैशबोर्ड, कर-करेत्तर, राजस्व वसूली की बैठक में परिवहन, राज्यकर, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, मंडी, बांट माप, विद्युत, सिंचाई आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की। कहा कि शासन के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें।

मंगलवार को उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत, बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली को बढायें। तहसीलदार वसूली पर ध्यान दें। कहा कि संयुक्त जांच कर अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही करें। सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग जिन बिन्दुओं पर कम है, सम्बन्धित अधिकारी सभी बिंदुओं पर प्रगति करायें, ताकि जिले की रैंकिंग अच्छी रहे। राजस्व वसूली में सम्बन्धित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति करें। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सदर एसडीएम पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी राज्य कर विजय कुमार सोनी, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाये शानदार दांवपेंच

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय दशमी के अगले दो दिनों तक लगने वाला विराट इनामी दंगल का आयोजन मनिकपुर विधायक के छोटे भाई पिंटू द्विवेदी व मऊ नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी ने फीत काटकर किया। दंगल में पहले दिन लगभग तीन दर्जन से भी अधिक कुस्तियां हुई। जिसमें जिले के बाहर के पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाकर दर्शको का मनोरंजन किया। दंगल के दूसरे दिन लवलेश आगरा तथा प्रशान्त दिल्ली के बीच हुई। जिसमें आगरा के पहलवान लवलेश ने बाजी मारी। इसके अलावा जितिन झांसी, शकंर पहलवान कानपुर, बल्लू बांदा, भूरा आगरा, अक्षय भोपाल, विवेक राजस्थान तथा महिला पहलवान मुनमुन ने विपक्षी पहलवानों को धूल चटाई। दंगल में महिला पहलवानों का दबदबा रहा। शिवाऔतार, राममनोहर, रामकुमार निर्णायक की भूमिका में रहें। दंगल का समापन मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी तथा दंगल के आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला ने 7100 सौ रूपये की ईनामी कुस्ती का हाथ मिलाकर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगामी मकर संक्रांति के दिन दो दिवसी विराट इनामी दंगल करने की घोषणा किया। दंगल का संचालन शारदा अग्रहरि ने किया। इस मौके पर दंगल आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला, गमल द्विवेदी, प्रेम पान्डेय, कल्लू शुक्ला, आलोक शुक्ला, अतुल द्विवेदी, भारत भूषण, धर्मेन्द्र शुक्ला, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।



## लापता युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

### यमुना नदी में शव फेंकने की बात कबूली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोठीलिहाई गांव के युवक रोशन सिंह (20) की नौ दिन से जारी लापता होने की गुत्थी ने नया मोड़ ले लिया है। कर्वी कोतवाली पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक शव बरामद नहीं हो पाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लापरवाही का


राकेश की फाइल फोटो।

आरोप लगाया है।

ज्ञात है कि रोशन सिंह पांच अक्टूबर को घर से कर्वी शहर घूमने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बाद सात अक्टूबर को कर्वी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाई और सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक लड़की प्रिया व एक लड़का अंकित को गिरफ्तार किया। पूंछतांछ में दोनों ने रोशन की हत्या करने व शव को यमुना नदी में फेंकने की बात कबूली है। हालांकि पुलिस अभी तक शव बरामद नहीं कर पाई है। इस बात से नाराज परिजनों ने सपा नेताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये। परिजनों ने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने मामले की जांच एसओजी टीम से कराने की मांग की है।

वहीं पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से शव की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का शक जताया है। शव बरामद होने के बाद ही पूरी घटना का खुलासा होगा।

# कनाडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बैन करने की उठी मांग



**कनाडा / नई दिल्ली, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी** (एनडीपी) के नेता जगमीत सिंह ने कनाडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेटवर्क पर बैन लगाने की मांग की है। सिंह ने यह बयान भारतीय राजनयिकों के निष्कासन और आपराधिक जांच के संदर्भ में जारी किया।

जगमीत सिंह ने कहा, "आरसीएमपी कमिश्नर द्वारा जारी की गई जानकारी को लेकर न्यू डेमोक्रेट्स चिंतित है।

सिंह का आरोप है कि भारतीय अधिकारियों के हाथों कनाडाई, विशेष रूप से कनाडा के सिख समुदाय, डर, धमकी, उत्पीड़न और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। उनके मुताबिक सिखों संग जबरन वसूली की जा रही है।

बयान में मारे गए आतंकवादी निज्जर का भी जिक्र है। दावा किया गया है कि कनाडा के पास भारत के खिलाफ कनाडाई हरदीप सिंह निज्जर (भारत द्वारा घोषित आतंकवादी) के मर्डर से संबंधित पुख्ता सबूत हैं।

उन्होंने आगे कहा, "सितंबर 2023 में ही आरसीएमपी ने 13 लोगों को जान का खतरा बताते हुए चेतावनी जारी की थी।

सिंह के मुताबिक, खतरे की चेतावनी के बावजूद कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की। हमारी प्राथमिकता कनाडाई नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल मुहैया कराने की है ताकि वो जबरन वसूली, हिंसा और चुनावी हस्तक्षेप से मुक्त रहें। कनाडा और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के हित में मैं सभी नेताओं से आग्रह करता हूं कि वह अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें और भारत सरकार की जवाबदेही तय करें।

जगमीत सिंह ने कनाडाई सरकार से भारतीय राजनयिकों के निष्कासन के निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि हम एक बार फिर से कनाडा सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि वह भारत के खिलाफ राजनयिक प्रतिबंध लगाए, आरएसएस पर कनाडा में बैन लगाएं और किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई का वचन दें जो कनाडाई मिट्टी पर संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाए।

जगमीत सिंह कनाडा में हाउस ऑफ कॉमर्स के सदस्य और विपक्ष के नेता हैं।

# जयशंकर के पाकिस्तान दौरे से इतनी खुश क्यों हैं हिना रब्बानी? विदेश मंत्री की सीधी-सच्ची बात का हर कोई मुरीद

**पाकिस्तान/नई दिल्ली: भारत** के विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान के दौरे पर जा रहे हैं। वह शंघाई सहयोग संगठन(रउड) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज इस्लामाबाद पहुंचेंगे। किसी भी भारतीय विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा करीब 10 साल बाद हो रहा है। हालांकि, उनका यह दौरा द्विपक्षीय नहीं है। इस दौरे से उत्साहित पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने भी इसे भारत का स्मार्ट पहल करार दिया है।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्यौता भेजा था। मगर, मोदी सरकार ने जयशंकर को भेजने का फैसला किया। दरअसल, जयशंकर की विदेश नीति पर गहरी पकड़ है और वह कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से पाकिस्तान और चीन को करारा जवाब दे चुके हैं। जयशंकर की साफगोई और खरी-खरी की दुनिया दीवानी है। यहां तक कि उन्हें सोशल मीडिया पर भी इसकी तारीफ मिल चुकी है। जानते हैं कि जयशंकर की कूटनीतिक शैली और एससीओ के बारे में।

**भारत का जयशंकर को भेजने का फैसला सही: हिना**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल से बातचीत में पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने कहा कि भारत ने किसी नौकरशाह को ना भेजकर जयशंकर को भेजने का फैसला करके स्मार्ट पहल की है। भारत के साथ हमारा द्विपक्षीय संबंध सामान्य स्तर पर नहीं है। वो भी ऐसे वक्त में जब दोनों देशों में एक दूसरे के यहां उच्चायुक्त भी नहीं हैं। ये बहुत अजीब स्थिति है। इससे पहले एक न्यूज चैनल में उन्होंने जयशंकर का स्वागत खुले दिल से किए जाने की बात कही थी। माना जा रहा है कि इस दौरे से भारत-पाकिस्तान संबंधों में सुधार की शुरूआत हो सकती है।

**भारत-पाकिस्तान के संबंध अरसे से बेपटरी**

रउड की इस बार की सालाना बैठक पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को है। इसका सदस्य होने के नाते भारत के प्रतिनिधिमंडल की अगुआई विदेश मंत्री एस जयशंकर कर रहे हैं। इस दौरे से भारत-पाकिस्तान में संबंध सुधरने की उम्मीद न के बराबर है, मगर पाकिस्तान और सोशल मीडिया पर इसकी खासी चर्चा है। दोनों देशों के संबंध अरसे से बेपटरी हैं।



**जयशंकर की यह साफगोई देखिए, आप भी मुरीद**

जयशंकर ने अपने पाकिस्तान दौरे को लेकर पहले ही कहा था कि यह दौरा एक क्षेत्रीय समिट के लिए है। मैं भारत-पाकिस्तान के संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ के एक अच्छे सदस्य के तौर पर जा रहा हूं। जयशंकर की यह साफगोई कूटनीतिक जगत में हर किसी को रास आती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने भी जयंशकर के दौरे को लेकर कहा कि अभी भारत से द्विपक्षीय बातचीत को लेकर कोई योजना नहीं है।

**कुछ का मानना है कि यह संबंध सुधारने का बड़ा मौका**

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने हॉंगकांग से निकलने वाले सरकारी अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट से कहा है कि जयशंकर का पाकिस्तान जाना दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने का अहम मौका है।

भारत ने एक मंत्री को भेजने का फैसला कर यह मैसेज दिया है कि वह अपने पड़ोसी से संबंधों में स्थिरता चाहता है। दोनों देश संबंधों की शुरूआत अपने-अपने उच्चायुक्त भेजकर कर सकते हैं।

# दक्षिण कोरिया में सितंबर में बेरोजगारी के दावों में गिरावट

**सियोल। शिक्षा** सेवाओं, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण, रेस्तरां एवं आवास क्षेत्रों में कमजोर मांग के कारण दक्षिण कोरिया के बेरोजगारी दावों में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने रोजगार और श्रम मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि नौकरी चाहने वालों के लाभ के लिए नए आवेदकों की संख्या सितंबर में 81,000 थी, जो 2023 में इसी महीने की तुलना में 1.0 प्रतिशत कम है।

मंत्रालय ने कहा कि आर्थिक मंदी की चिंता के बीच पिछले महीने 0.6 प्रतिशत की गिरावट के बाद अब इसमें लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है।



शिक्षा सेवा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण, भोजनालय एवं आवास क्षेत्र में आवेदकों की संख्या में कमी आई, लेकिन निर्माण, व्यापार सेवा तथा सूचना एवं संचार उद्योग में पिछले महीने आवेदकों की संख्या में वृद्धि हुई।

नौकरी की तलाश में लाभ सरकार द्वारा बेरोजगारों को नौकरी की तलाश में मदद करने के लिए प्रदान किए जाते हैं, जो बेरोजगारी लाभ का अधिकांश हिस्सा लेते हैं। इसका वित्तपोषण राज्य रोजगार बीमा निधि द्वारा किया जाता है।

सितंबर में लाभ प्राप्तकताओं की कुल संख्या 6, 01,000 थी, जो एक साल पहले की तुलना में 1.8 प्रतिशत अधिक है।

इस महीने में नौकरी की तलाश में लाभ का कुल भुगतान 2.8 प्रतिशत बढ़कर 962.5 बिलियन वॉन ($709.1 मिलियन) हो गया।

# प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए भारत से विवाद कर रहे ट्रूडो?



**ओटावा: कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर भारत से विवाद शुरू कर दिया है। उन्होंने भारत के अधिकारियों पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत सरकार को घसीटना ट्रूडो का चुनावी स्टंट हो सकता है। न्यूज-18 की रिपोर्ट में खुफिया सूत्रों का कहना है कि ट्रूडो सत्ता में बने रहने के लिए सिखों के समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसलिए ट्रूडो राजनयिक संबंधों की जगह कनाडा के चुनाव को महत्व दे रहे हैं।

भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद सोमवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गया। क्योंकि कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय ने एक तीखा बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि कनाडा ने बार-बार अनुरोध के बावजूद निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता से जुड़ा एक भी सबूत साझा नहीं किया। भारत ने कहा है कि यह जांच के बहाने राजनीतिक लाभ लेने के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की सोची-समझी रणनीति है।


**कनाडा ने नहीं दिया सबूत**

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को कनाडा के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने कहा, 'पिछले एक साल से भारत हत्या से जुड़े मामले में सबूत मांग रहा है, लेकिन कनाडा की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई।' उन्होंने कहा कि ट्रूडो को अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए एनडीपी नेता जगमीत सिंह के समर्थन की जरूरत है। वह अल्पमत वाली सरकार चलाने के लिए सत्ता में बने रहना चाहते हैं।

# चीन ने ताइवान को चौतरफा घेरा, उड़ाए 153 फाइटर जेट

**बीजिंग/ताइपे: चीन** की सेना ने ताइवान को समुद्र में चारों तरफ से घेर लिया है। चीनी सेना युद्धाभ्?यास कर रही है और ताइवान को डराने के लिए 153 फाइटर जेट उड़ाए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन की सेना ने फाइटर जेट, ड्रोन, युद्धपोत और कोस्?ट गार्ड के युद्धपोतों की मदद से सोमवार को जोरदार अभ्?यास किया। चीन के इस कदम की ताइवान ने कड़ी निंदा की है और इसे बिना कारण उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। ताइवान ने चीन के किसी भी दुस्?साहस से निपटने के लिए अपनी सेना को अलर्ट कर दिया है और एंटी शिप मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं।



ताइवान ने बताया कि 25 घंटे में 153 फाइटर जेट ताइवान के आसपास देखे गए हैं। इसमें से 111 फाइटर जेट ने मेडिअन लाइन को पार किया जो दोनों को अलग करती है। चीन इस सीमा रेखा को नहीं मानता है। चीन ने प्रण किया है कि वह युद्ध के लिए तैयार है। चीन ताइवान को अपना हिस्?सा मानता है। चीन के कई युद्धपोत और एयरक्राफ्ट कैरियर भी ताइवान को घेरे हुए हैं। चीन का यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दशार्ता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

**ताइवान ने चीन की धमकी पर क?या कहा?**

इन अभ्यासों से चार दिन पहले ताइवान ने अपने राष्ट्रीय दिवस पर अपनी सरकार की स्थापना का जश्न मनाया था जिसमें ताइवान के राष्ट्रपति ने कहा था कि चीन को ताइवान का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है ।

# भारत और कनाडा में 'कूटनीतिक युद्ध'

**ओटावा: कनाडा** और भारत के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ने लगा है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया है। कनाडा ने इस बार उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को वापस जाने को कह दिया। इसके बाद भारत ने भी कनाडा के छह राजनयिकों को निकाल दिया है। ट्रूडो का कहना है कि कनाडाई नागरिकों की हत्या में भारतीय अधिकारियों का हाथ होने से जुड़ी रिपोर्ट अपने सहयोगियों से साझा की है। सवाल उठता है कि भारत और कनाडा का तनाव बढ़ता है तो क्या होगा?

कनाडा में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। वहीं हर साल हजारों छात्र कनाडा में पढ़ने के लिए जाते हैं। कनाडा और भारत के बीच गहरे व्यापारिक संबंध हैं। सोमवार को भारत के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी ट्रूडो ने व्यापारिक और नागरिक संबंध का जिक्र करते हुए कहा कि वह भारत के साथ खराब रिश्ते नहीं चाहते। ट्रूडों के आरोपों के बाद अगर भारत-कनाडा के बीच तनाव बढ़ता है तो इसका सभी पर असर पड़ सकता है।

# हिजबुल्लाह को मिल गया आयरन डोम को चकमा देने का तरीका? ड्रोन के आने की नहीं लगी भनक, टेंशन में इजरायल

**तेल अवीव: इजरायल** चारों ओर से दुश्मनों से घिरा है। दुश्मनों के किसी भी हमले से बचने के लिए उसने आयरन डोम डिफेंस सिस्टम लगा रखा है। लेकिन अब इस बात का खतरा बढ़ गया है कि शायद हिजबुल्लाह को आयरन डोम को चकमा देने का तरीका मिल गया है। रविवार को एक ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत के बाद से यह सवाल उठने लगा है। आईडीएफ के प्रमुखों ने सवाल उठाया है कि आखिर उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले का पता क्यों नहीं लगाया।

हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने ड्रोन के झुंड से क्ळ्क्रके गोलानी ब्रिगेड के एक अड्डे को निशाना बनाया था। लगभग दो सप्ताह पहले इजरायल की ओर से लेबनान पर जमीनी हमला शुरू करने के बाद यह आतंकी ग्रुप की ओर से किया गया सबसे घातक हमला था। इजरायल के पास एक वर्ल्ड क्लास एयर डिफेंस सिस्टम है, जो अब तक उसके ज्यादातर हिस्से को हमले से बचाता रहा है। इजरायली जांचकर्ता यह पता लगाने की किशिश क रहे हैं कि आखिर आयरन डोम ने



एक्शन क्यों नहीं लिया। साथ ही हवाई हमले के दौरान सायरन ने अलर्ट क्यों नहीं किया।

**आयरन डोम को चकमा दे सकता है ड्रोन?**

आयरन डोम उन रॉकेटों को रोकता है जो शहरी क्षेत्रों की दिशा में जा रहा होता है। इस डिफेंस सिस्टम से निकली मिसाइल खतरे को हवा में ही तबाह कर देती है। लेकिन अब आशंका जताई जा रही है कि एक साथ कई हमले करने से सिस्टम कनफ्यूज हो जाता है।

इस बात की चेतावनी दी जाती रही है कि इस डिफेंस सिस्टम को धीमी गति से उड़ने वाले ड्रोन चकमा दे सकते हैं। इजरायली सेना के टॉप अधिकारियों ने उस बेस का दौरा किया जहां हिजबुल्लाह का हमला हुआ।

**क्या है हिजबुल्लाह का मिरसाद-1 ड्रोन जिसने इजरायल में घुसकर मिलिट्री बेस को बनाया निशाना**

**दो ड्रोन किए थे लॉन्च**

इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि सरकार इसका समाधान निकालने पर काम कर रही है।

# फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, 15 घायल

**मनीला। मनीला** के सोरसोगोन प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, 15 लोग घायल हो गए। जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10:30 बजे हुई, जब जीपनी का अगला टायर फट गया, जिससे वह विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण जीपनी के यात्री उछलकर सड़क पर आ गिरे।




समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है तथा मामले की जांच जारी है।

जीपनी पूरे द्वीपसमूह में, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में, लाखों फिलीपीन लोगों के लिए परिवहन का प्रमुख साधन है।

इससे पहले 12 अक्टूबर को मध्य फिलीपींस के सेबू प्रांत में एक सेडान कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पुलिस ने बताया कि कार चालक (20) और उसके साथ बैठे 18 और 22 साल के दो पुरुष यात्रियों की स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 3:20 बजे दुर्घटना में मौत हो गई थी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# गाजा में इजरायली एयर स्ट्राइक, तीन की मौत, 40 घायल

**गाजा। गाजा** पट्टी में विस्थापित लोगों के टेंट को निशाना बनाकर की गई इजरायली एयर स्ट्राइक में कम से कम तीन फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों के अनुसार यह हमला सोमवार को डेर अल-बलाह में स्थित विस्थापित लोगों के टेंट पर हुआ।

मेडिकल सूत्रों से पता चला है कि इजरायली विमानों ने डेर अल-बलाह में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के पास विस्थापित लोगों के टेंट को निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए।

गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय ने एक प्रेस बयान में हमले के लिए इजरायली सेना की निंदा की। निरंतर हिंसा के लिए इजरायली सेना और अमेरिकी प्रशासन दोनों को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इजरायल पर अपनी कार्रवाइयों को रोकने के लिए दबाव डालने की अपील की गई।

वहीं इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि इजरायली वायु सेना ने डेर अल-बलाह क्षेत्र में एक कमांड और कंट्रोल सेंटर के अंदर एक्टिव आतंकवादियों पर 'सटीक हमला' किया।



आईडीएफ के अनुसार, कमांड सेंटर एक परिसर के भीतर स्थित था, जिसका इस्तेमाल पहले शुहादा अल-अक्सा अस्पताल के रूप में होता था जिसे अल-अक्सा शहीद अस्पताल के रूप में भी जाना जाता है। परिसर का इस्तेमाल हमास के आतंकवादियों द्वारा आईडीएफ सैनिकों और इजरायल स्टेट के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए हो रहा था।

पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर एक बड़ा हमला किया था

जिसमें करीब 1200 लोगों की मौत हुई थी

जबकि 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया। ऐसा माना जाता है कि 100 से अधिक बंधक अब भी गाजा में है।

इस हमले के बाद इजरायल ने हमास के कंट्रोल वाली गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी। अलजजीरा की सोमवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 42,289 लोग मारे गए हैं और 98,684 घायल हुए हैं।

# ईरान पर बड़ा हमला करने की तैयारी में इजरायल

**तेल अवीव: ईरान** की ओर से 1 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया गया था। इजरायल की ओर से एक जबरदस्त पलटवार की उम्मीद की जा रही है। वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत की। उन्होंने अमेरिका को सूचित किया है कि इजरायल पूरे क्षेत्र में युद्ध नहीं शुरू करना चाहता। इसलिए वह ईरान की तेल या न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला करने की जगह इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला करने को तैयार है।

दरअसल अमेरिका कहता रहा है कि ईरान की तेल या न्यूक्लियर फैसिलिटी को इजरायल निशाना न बनाए। क्योंकि यह पूरे खाड़ी में युद्ध भड़का सकता है। ईरान भी तेल फैसिलिटी पर हमले के जवाब में अमेरिकी सहयोगियों पर हमले की धमकी देता रहा है। इजरायल का यह कहना कि वह मिलिट्री फैसिलिटी को टार्गेट करेगा, यह अमेरिका के लिए राहत वाली खबर है।

इजरायली अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि उनका पलटवार ईरान की ओर से किए गए हमले से काफी बड़ा होगा। ईरान ने इजरायल पर 180 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं।